

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 14 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष -41 ■ अंक-168 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल जाता हूं: मोदी

**त्रिपुरा,14 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने खुद को भगवान शिव का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि कोई मुझे कितनी भी गाली दे, मैं सारा जहर निगल जाता हूं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि मेरा रिपोर्ट कंट्रोल सिर्फ देश की 140 करोड़ जनता है, वही मेरा मालिक है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भूपेन हजारिका का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार भूपेन हजारिका जैसे असम के महान सपूतों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने कहा, "मेरे लिए तो जनता-जनार्दन ही मेरा भगवान है। मेरे भगवान के पास जाकर मेरी आत्मा की आवाज नहीं निकलेगी तो और कहां निकलेगी। यही मेरे मालिक हैं, यही मेरे पूजनीय हैं, यही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं और कोई मेरा रिमोट कंट्रोल नहीं है। 140 करोड़ देशवासी मेरा रिमोट कंट्रोल हैं।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के दरांग में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना की भी आधारशिला रखी। इस दौरान



उन्होंने कहा कि मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार असम आया हूं।

गौरतलब है कि पिछले दिनों इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के समय बिहार के दरभंगा में एक मंच से विपक्षी दलों के कुछ कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी और उनके मां को गाली दी थी जिसका वीडियो सामने आया था। इस मामले में बिहार भाजपा की तरफ से एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमे कहा गया था कि वोटर अधिकार यात्रा के एक कार्यक्रम के दौरान मंच से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली दी गई। इस मामले में दरभंगा जिले की पुलिस ने सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत (वार्ड सं० 1) के भपुरा गंव निवासी अनीश कुरैशी के पुत्र मोहम्मद रिजवी उर्फ राजा को गिरफ्तार किया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "भारत वर्तमान में दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश है और असम इसके सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। कभी विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रहा असम अब काफी बदल गया है और 13% की विकास दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह प्रभावशाली उपलब्धि यहां के लोगों के दृढ़ संकल्प और समर्पण का प्रमाण है। यह असम के लोगों की कड़ी मेहनत और भाजपा की डबल इंजन सरकार के योगदान से प्रेरित सहयोगात्मक प्रयासों का भी

### कभी विकास के लिए संघर्षरत था असम

पीएम मोदी ने असम में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा, 'भारत मौजूदा समय में दुनिया में सबसे तेज़ी से विकास करने वाला देश है, और असम इसके सबसे तेज़ी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है. कभी विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्षरत असम ने काफ़ी बदलाव किया है और अब 13% की विकास दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है. यह प्रभावशाली उपलब्धि यहां के लोगों के लचीलेपन और समर्पण का प्रमाण है. यह असम के लोगों की कड़ी मेहनत और भाजपा की दोहरी इंजन वाली सरकार के योगदान से प्रेरित, संयुक्त प्रयासों का भी परिणाम है.'

## संक्षेप

### मछली व्यापारी से सरेराह ढाई लाख की लूट

**रायगढ़,14 सितंबर।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एमएम फिश कंपनी की गाड़ी को रोककर व्यापारी से 2,57,660 रुपए लूटकर फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद धरमजयगढ़ थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, कल शाम करीब 6 बजे व्यापारी मोहम्मद रफीक क्षेत्र में मछली सप्लाई करने के बाद कलेक्शन लेकर बिलासपुर जा रहे थे. इस दौरान धर्मजयगढ़ के ग्राम खड़गांव से सिथरा के बीच स्कूटी सवार तीन लोगों ने गाड़ी को रोककर लूट की घटना को अंजाम दिया. लूट की भनक लगते ही आस-पास के लोगों ने लुटेरों को पकड़ने की कोशिश की. पकड़े जाने के भय से आरोपी स्कूटी को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गए. मामले की जांच में जुटी पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.

### यहां चला रायपुर नगर निगम का बुलडोजर

**रायपुर,14 सितंबर।** रायपुर नगर पालिका निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने शहीद भगत सिंह वार्ड (क्रमांक 21) के टाटीबंध क्षेत्र में 1746 वर्गफुट के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया. जोन 8 की कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान की



मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई. जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने अभियान चलाकर स्वीकृति के विपरीत बने इस निर्माण को तत्काल तोड़ा और संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य में नियमों का पालन करते हुए निर्माण करने की कड़ी हिदायत दी.

### कोरबा के पसान में घुसा दंतैल

**कोरबा,14 सितंबर।** कोरबा जिले की ग्राम पंचायत पसान में शनिवार रात अचानक एक दंतैल हाथी घुस आया। हाथी ने करीब तीन घंटे तक दुकानों, मकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथी के पीछे जाने पर ग्रामीणों को उसने दौड़ा भी लिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

हाथी के हमले से डरे-सहमे लोग अपने घरों की छतों पर चढ़ गए। कई लोग खतरे की परवाह किए बिना हाथी के साथ वीडियो और सेल्फी लेते नजर आए। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे जोखिम भरे प्रयास से गंभीर हादसा हो सकता था।पसान के डिप्टी रेंजर ईश्वर दास मानिकपुरी ने बताया कि हाथी बस्ती में प्रवेश कर गया था, लेकिन वन अमले और ग्रामीणों की मदद से उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है.

## मेरे दिमाग की कीमत हर महीने 200 करोड़: गडकरी

नागपुर,14 सितंबर। इथेनॉल को लेकर विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विरोधियों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, मेरा दिमाग की ही कीमत हर महीने 200 करोड़ की है। मेरे पास पैसे की कोई कमी नहीं है और मैं कभी नीचे नहीं गिर सकता हूं। उन्होंने कहा कि वह जो कुछ भी करना चाहते हैं वह किसानों के हित के लिए है। इसका कमाई से कोई लेना-देना नहीं है।



नागपुर में एग्रीकोज वेलफेयर सोसाइटी के एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, आपको क्या लगता है कि ये सब मैं पैसे के लिए कर रहा हूं? मैं कोई दलाल नहीं हूं, ईमानदारी से कमाना जानता हूं। उन्होंने कहा, बहुत सारे राजनेता लोगों को लड़ाकर खुद फायदा उठाना जानते हैं, लेकिन हम उनमें नहीं हैं। गडकरी ने कहा, मेरा भी घर-परिवार है। मैं कोई संत नहीं हूं। मुझे हमेशा लगता है कि विदर्भ में 10 हजार किसानों की आत्महत्या शर्म की बात है। जब तक कि हमारे किसान समृद्ध नहीं हो जाते, हम अपने प्रयास कम नहीं करेंगे। गडकरी ने अपने बेटे की कंपनी को लेकर कहा कि वह केवल आइडिया देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस करता है। उसने हाल ही में ईरान से 800 कंटेनर सेब ऑर्डर किए और यहां से 100 कंटेनर केले भेज दिए। गडकरी ने कहा, मेरे बेट ने गोवा से 300 कंटेनर मछलियां सर्बिया को सप्लाई कीं। उन्होंने कहा, बेटे ने ऑस्ट्रेलिया में दूध के प्रोडक्ट की फैक्ट्री लगाई है। वह अब अबू धाबी और अन्य जगहों पर भी कंटेनर भेजता है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आईटीसी के साथ मिलकर 26 चावल मिलें चलाता है। गडकरी ने कहा, मुझे पांच लाख टन चावल के आटे की जरूरत पड़ती है। इसलिए वह मिल चलाता है और मैं उससे आटा खरीद लेता हूं।

## नेता निजी अहंकार त्याग बिहार में राजग की जीत करें सुनिश्चित : नड्डा

**बिहार,14सितंबर।** विधानसभा चुनाव तैयारियों की संगठनात्मक समीक्षा करने पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पार्टी के नेताओं से अपील की कि वे व्यक्तिगत अहंकार को त्याग कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को सर्वोपरि रखें। राजकीय अतिथिशाला में नड्डा ने बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं, नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विधानसभावार सम्मेलन आदि बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सामाजिक पकड़ मजबूत बनाने के साथ ही राजग के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप



जायसवाल, उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय चुनाव समिति एवं कोर ग्रुप के सचिव प्रेम रंजन पटेल तथा अन्य वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए।नड्डा ने विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का नया नामाकरण किया। उन्होंने राजद का मतलब समझते हुए कहा कि 'रा' का मतलब 'रंगदारी', 'ज' का मतलब 'जंगलराज' और 'द' का मतलब 'दादागिरी' है। उन्होंने कहा कि आज मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोग विकास देख रहे हैं। केंदीय मंत्री ने कहा,'' 2005 से पहले बिहार की स्थिति क्या थी और आज क्या है। 2005 से पहले तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और सत्ता समर्थित अपराध की राजनीति थी। आज राजग सरकार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं तथा इस तरह अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

## न्यूड पार्टी के आयोजन पर भड़के पुरंदर मिश्रा

### सीएम से मुलाकात कर देर रात क्लब पार्टी पर अंकुश लगाने की करुंगा मांग

**रायपुर,14 सितंबर।** राजधानी में न्यूड पार्टी के मिटे.वहीं बिजली बिल को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा उठाए गए सवाल पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस लोगों को भड़का रही है. आने वाले समय में पीएम सूर्य घर



आयोजन पर बाकी चीजों के साथ सियासी माहौल भी गरमाया है. आमलोगों के बीच आ रही प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर देर रात क्लब पार्टियों पर अंकुश लगाने की मांग करुंगा. रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ये लोग (आयोजक) जो कर रहे हैं, वह महापाप है. ऐसा करने से आने वाला समय बहुत कठिन होगा. आयोजकों से निवेदन है कि ऐसे आयोजन ना करें, जिससे हमारी संस्कृति-संस्कार योजना लागू होगी. मुझे नहीं लगता इस सुविधा के बाद किसी का नुकसान होगा. जनता को लग रहा है कि बिजली बिल बढ़ा है, लेकिन हमारी प्लानिंग अगले 25 साल तक उन्हें मुफ्त बिजली देने की है.वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच आज होने वाले एशिया कप के मैच को लेकर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि ये मनोरंजन के काम है. हमारे सैनिक ने पहलगाम घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बदला लिया था. आज भारत के खिलाड़ियों से भी अनुरोध है कि चौका-छक्का लगाते हुए पाकिस्तान के खिलाड़ियों लोहे के चने चबवाएं.

## लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

**लखनऊ,14 सितंबर।** लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने टेकऑफ से पहले अचानक रोक दिया। फ्लाइट रनवे पर दौड़ चुकी थी, आखिरी वक्त पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन को टेकऑफ के लिए थ्रस्ट यानी प्रेशर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। विमान (6-ई-2111) में सपा प्रमुख अखिलेश की सांसद पत्नी डिंपल यादव समेत 151 यात्री सवार थे।



अचानक विमान रुकने से यात्री सहम गए। हालांकि, बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने घटना की रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि तकनीकी कारण से विमान को टेकऑफ रोकना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, इंडिगो ने फ्लाइट्स को क्यों रोका गया। इसकी स्पष्ट वजह नहीं बताई है। फ्लाइट 6 ई 2111 शनिवार को 11:10 बजे फ्लाइट रनवे पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने पहुंची। यात्रियों के अनुसार, विमान ने गति पकड़ ली थी, तभी एक आवाज सुनाई दी। प्लेन को हवा में ऊपर उठने के लिए पर्याप्त थ्रस्ट नहीं मिला। एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार, पायलट ने तुरंत ATC को अबेंडिंग टेकऑफ की सूचना दी। इसके बाद पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। बाद में फ्लाइट टैक्सी-वे से वापस लौटकर बे संख्या-07 पर खड़ी हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक यात्री ने कहा- भगवान ने बचा लिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। अबेंडिंग टेक ऑफ की सूचना का मतलब कि उड़ान भरने के लिए रनवे पर तेजी से दौड़ रहा विमान किसी कारणवश रुक जाता है।

## नेपाल की पीएम सुशीला कार्की ने संभाली कमान

**काठमांडू,14 सितंबर।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार (14



सितंबर) को पदभार संभाल लिया। सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में उन्होंने नेपाल आर्मी चीफ की मौजूदगी में यह जिम्मेदारी संभाली। कहा, हमारा (सरकार) का उद्देश्य सत्ता का उपभोग नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा की रक्षा करना है। प्रधानमंत्री कार्की ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कहा, मेरी टीम और मैं सत्ता का स्वाद चखने नहीं आए हैं। 6 महीने से अधिक हम यहां नहीं रहेंगे। नई संसद को जिम्मेदारी सौंप देंगे। तोड़फोड़ और हिंसा में शामिल लोगों की जांच होगी। नेपाल के युवाओं को सुशीला कार्की के नेतृत्व से काफी उम्मीदें हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अवसरों की कमी से परेशान युवाओं का मानना है कि अब एक ईमानदार और पारदर्शी सरकार बनने की शुरुआत हो चुकी है।

## न्यूड पार्टी मामले को लेकर बैज ने भाजपा पर साधा निशाना

**रायपुर,14 सितंबर।** राजधानी रायपुर में न्यूड पार्टी मामले ने पूरे छत्तीसगढ़ की सियासत को गरमा दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस विवाद को भाजपा सरकार की ''नग्न सोच'' करार देते हुए सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों में खामियों और किसानों से जुड़े संकट को लेकर भी सरकार को घेरा। वहीं एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहीद जवानों की शहादत के बीच क्रिकेट आयोजन कर सरकार ने पाकिस्तान के सामने सरेंडर जैसा कदम उठाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राजधानी रायपुर में बीते दिनों वायरल हुए न्यूड पार्टी इनविटेशन कार्ड के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि यह पूरा मामला सरकार की ''नग्न सोच'' को उजागर करता है। बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के संरक्षण में ही ऐसे अराजक तत्व बेलगाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा- ''बिना सरकार की शह के इस तरह की आपत्तिजनक घटनाएं संभव ही नहीं हैं।

## 10 बड़े नक्सली लीडर्स के सफाये के बाद डीजीपी ने जवानों के साथ खाया 'बड़ा खाना'

**गरियाबंद,14 सितंबर।** ई-30, एसटीएफ, सीएएफ और कोबरा 207 बटालियन ने लगातार तीन दिनों तक चले ऑपरेशन के दौरान 10 बड़े नक्सली लीडर को ढ़ेर करने में सफलता हासिल की थी. इस उपलब्धि पर गरियाबंद पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम सहित तमाम आला अधिकारियों ने पुलिस लाइन में उनके साथ (बड़ा खाना) भोजन किया. गरियाबंद पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अरुण देव गौतम के अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल विरोधी अभियान विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के साथ बीएसएफ, सीआरपीएफ, कोबरा 207 एसटीएफ के अधिकारीगण पहुंचे थे.



कार्यक्रम दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने नक्सल विरोधी ऑपरेशन में मिली बड़ी सफलता के लिए ई-30, एसटीएफ, सीएएफ एवं कोबरा 207 बटालियन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के साथ नक्सल ऑपरेशन में सहभागिता देने वाले सभी जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए.

## रेड कॉरिडोर से डेवलपमेंट कॉरिडोर की ओर बढ़ रहा बस्तर" : तोखन साहू

**बीजापुर, 14 सितम्बर।**

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक सरकार ने सुरक्षा, समावेशी विकास और पुनर्वास को केंद्र में रखकर जो पहल की है, उसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में श्री साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक पूर्णतः नक्सल-मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने कहा, ''संदेश साफ है कि हिंसा का कोई भविष्य नहीं है, भविष्य केवल विकास का है। कभी 'रेड कॉरिडोर' कहे जाने वाले इलाके अब 'डेवलपमेंट कॉरिडोर' बन रहे हैं। सड़कें, बिजली, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी भय और पिछड़ेपन की जगह ले रही हैं।'' साहू ने बताया कि पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, मासिक भत्ता, भोजन-आवास सुविधा, हथियार जमा करने पर नकद सहायता, तथा शिक्षा और रोजगार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सामूहिक आत्मसमर्पण करने पर दुगुने लाभ दिए जा रहे हैं। नक्सल-मुक्त घोषित पंचायतों को एक करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज दिया जा रहा है, ताकि सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाएँ तुरंत उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि ''नियाद नेल्लनार योजना'' के तहत बस्तर के 90 गाँवों को आदर्श गाँव के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य और डिजिटल पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। यह केवल




विकास की पहल नहीं, बल्कि आदिवासी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के ज़रिये मुख्यधारा में शामिल करने का अभियान है। श्री साहू ने कहा कि ''यह केवल एक तिथि तय करने का विषय नहीं, बल्कि हमारे जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि देने और सुरक्षित-समावेशी भारत की गारंटी सुनिश्चित करने का मिशन है।'' इस अवसर पर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बस्तर क्षेत्र के विकास की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों को नए बाज़ार मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति मिली है। श्री कश्यप ने बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन बस्तर की सांस्कृतिक और खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहा है। उन्होंने कहा, ''बस्तर ओलंपिक ने युवाओं को हिंसा और नशे से दूर रखकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित किया है। हजारों युवाओं की भागीदारी ने साबित किया है कि बस्तर का भविष्य शिक्षा, खेल और कौशल विकास में है।'' उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस आयोजन से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। जिलाधिकारी श्री संबित मिश्रा ने कहा कि बीजापुर जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-शिशु कल्याण, सड़क और जलापूर्ति के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, 45 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड, 36 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ, हर-घर-जल से गाँवों की पाइप जलापूर्ति और सड़कों का जाल बिछने से बीजापुर की तस्वीर बदल रही है। पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र यादव ने जानकारी दी कि जिले में नक्सल-मुक्त अभियान के अंतर्गत सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और पुनर्वास योजनाओं को साथ-साथ लागू किया जा रहा है, जिससे नक्सली प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, आवास, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है। अपने संबोधन के अंत में श्री यादव ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने कहा कि ''सरकार पूरी तरह तैयार है कि जो भी नक्सली समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहता है, उसे हर संभव सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।''

## एक नजर

### शराबबंदी करने की मांग उठने लगी कवर्धा में



**कवर्धा, 14 सितंबर।** कबीरधाम जिले में युवाओं में शराब पीने की आदत गांवों में लगातार बढ़ रही है जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ओर बिजनेसमैन संजय जायसवाल ने कहा की गरीब परिवार , मजदूर एक दिन में जितना कमा रहे है लगभग पूरा कमाई का रुपया शराब पीने में खर्च कर देते है और शराब पीने से बहुत सारी बीमारियां होती है ओर परिवार में झगड़े होते है जो की चिंतनीय विषय है और शराब बिक्री बंद होनी चाहिए । बस में कालेज की छात्राओं ने भी कहा की सरकार को कुछ दिनों के लिए शराब बिक्री बंद कर देना चाहिए । बिजनेस मैंन संजय जायसवाल ने कहा की कुछ गांवों में सुबह से ही शराब पीते है लोग ओर अवैध शराब बिक्री भी बढ़ गई है और सरकार को अवैध शराब बिक्री पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए और शराब बिक्री बंद की जाय तो एक ऐतिहासिक फैसला होगा । फल बेचने वाले ने कहा की आखिर युवा इतना क्यों शराब पी रहा है बहुत चिंता की बात है ।

### चाकू से डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 14 सितंबर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के अपने नाबालिग साथियों के साथ मिलकर लोगों को चाकू दिखाकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई थाने पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने से गांव में उसका जुलूस निकाला इसके बाद कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया है उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी निवासी आरोपी राजा उर्फ राहुल पवार अपने साथियों के साथ मिलकर गांव में चाकू दिखाकर कई लोगों को डराता धमकाता था और अवैध वसूली करता था उसने गांव में दहशत व्याप्त कर रखा था  पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं उसके साथ एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है जो हमेशा उसे साथ देता था आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पांच धारदार चाकू जब्त किए हैं।

### सूने मकान से नगदी व सामान की चोरी

**भिलाई, 14 सितंबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के एक सूने मकान से अज्ञात चोर ने नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुरानी भिलाई ने बताया कि आदर्श नगर जुगुनु डेरा के पीछे दुर्ग थाना पद्मनाभपुर निवासी धीरज शर्मा (35 साल) ठेकेदारी का काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनका पैतृक गांव ग्राम अमेरी थाना पुरानी भिलाई है प्रार्थी की नौकरानी घर में 10-15 वर्षों से साफ सफाई का काम करती है कामवाली उषा फोन कर बतायी कि घर के बाहर गेट के दरवाजा एवं कमरा अंदर का ताला टूटा हुआ है अपने गांव ग्राम अमेरी जाकर देखे तो कमरा अंदर जाकर देखे तो सामान बिखरा हुआ था आलमारी के अंदर लगे सूटकेश में करीब 7000 रू.एवं प्रार्थी के पिता का ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आरसी बुक, ग्रामीण बैंक चेक एवं पासबुक, 10 नग फोटो को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था ।

### ट्रांसफार्मर से कॉपर,सामान चोरी

**भिलाई, 14 सितंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत खम्हरिया में बने पीएम आवास में बिजली सप्लाई के लिए लगाए गए ट्रांसफॉर्मर से कॉपर समेत अन्य सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 303(2) बीएनएस, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 139 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी महेश्वर टण्डन बिजली कंपनी में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ है। उसके क्षेत्राधिकार में नेहरू नगर जोन अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास कालोनी माइल स्टोन स्कूल के पास खम्हरिया में विद्युतीकरण कार्य चल रहा है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 सितंबर को ठेकेदार वदूद आलम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास कालोनी परिसर में लगाए गए 01 ट्रांसफार्मर को किसी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। तब प्रार्थी तथा अपने साथी सहायक अभियंता सोहराब खान, जेई आनंद सिंह करायत के साथ जाकर देखा तो ट्रांसफार्मर 200 केव्हीए में लगे तांबा का क्वाइल, आईल, स्टड, बुसिंग, नट-बोल्ट एवं अन्य सामाग्री गायब था।

### बिलाईडांड में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 17 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 13 सितंबर।** मरवाही विकासखंड के ग्राम बिलाईडांड में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 17 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। राशन दुकानों के युक्तियुक्तकरण के तहत ग्राम पंचायत सेमरदरी अंतर्गत ग्राम बिलाईडांड हेतु अतिरिक्त नवीन उचित मूल्य दुकान की स्थापना हेतु कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात सेमरददीं शासकीय उचित मूल्य दुकान से ग्राम बिलाईडांड में अतिरिक्त नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोला जाना है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु निर्धारित एजेंसी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, लघु वनोपज समिति एवं अन्य सहकारी संस्था को आबंटित किया जाना है।

### नेहरू नगर क्षेत्र में विधायक रिकेश सेन,महापौर नीरज पाल के साथ निरीक्षण किया

# आयुक्त ने बैडमिंटन कोर्ट व सब्जी मंडी में दिए सुधार के निर्देश

**भिलाई, 14 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर क्षेत्र में विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, आकाशगंगा सुपेला सब्जी मंडी, नेहरू नगर स्थित स्लाटर हाउस और सुपेला थाना के पीछे अवैध सामाजिक भवन का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट में बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था सुधारने और उखड़े पेवर ब्लॉक बदलने के निर्देश दिए गए। वहीं



आकाशगंगा सुपेला सब्जी मंडी को संकरी जगह पर होने से लोगों को हो रही परेशानी के कारण अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। नेहरू नगर के स्लाटर हाउस का निरीक्षण कर आयुक्त ने ठेकेदार को नियमों का पालन कर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। सुपेला थाना के पीछे एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास अवैध रूप से निर्मित सामाजिक भवन को तत्काल तोड़ने के आदेश भी दिए गए। आदेश के बाद राजस्व टीम ने मौके पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता बसंत देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला और जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं का किया गया सम्मान

**भिलाई, 14 सितम्बर।** नायर समाजम स्कूल, सेक्टर-8 में रविवार को दुर्ग जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। दुर्ग रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिलेभर से 100 से अधिक स्केटर्स ने भाग लेकर इसे इस वर्ष की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में से एक बना दिया। पाँच वर्ष से कम उम्र के नन्हे स्केटर्स ने भी आत्मविश्वास के साथ ट्रैक पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन ने युवा खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा, इतने सारे युवा एथलीटों को जोश के साथ देखना प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजन समाज में मजबूत खेल संस्कृति की नींव रखते हैं। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ जीवन शैली ही सबसे बड़ी दवा:देवी शेट्टी



**भिलाई, 14 सितम्बर।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में शनिवार को पद्मभूषण से सम्मानित प्रख्यात कार्डियक सर्जन एवं नारायणा हृदयालय के संस्थापक चेयरमैन डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी ने वर्चुअल माध्यम से हेल्थ टॉक प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर डिलीवरी इन इंडिया विषय पर अपने विचार साझा किए। डॉ. शेट्टी ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी सुझाव देते हुए कहा कि– प्रतिदिन कम से कम 10,000 कदम चलें। लिफ्ट के स्थान पर सीढ़ियों का उपयोग करें। हर घंटे में आधा गिलास पानी पिएँ। स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी हेतु स्मार्ट वॉच का प्रयोग करें। किसी भी उम्र में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण असमय मृत्यु दर को कम करने में मददगार होता है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने डॉ. शेट्टी का स्वागत किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. उदय कुमार समेत अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक और डीएनबी छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों ने डॉ. शेट्टी से विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। आयोजन ने सभी को स्वास्थ्य प्रबंधन के नए आयामों से परिचित कराया और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलावों के ज़रिए दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# योग हमारे देश की प्राचीन धरोहर :आईजी गर्ग

**भिलाई, 14 सितम्बर।** अग्रसेन भवन, सेक्टर.6 में जारी राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के तीसरे दिन देशभर से आए प्रतिभागियों ने अपनी साधना और सधे हुए आसनों से निर्णायकों व दर्शकों को चकित कर दिया। शरीर और मन का संतुलन साधते हुए प्रतिभागियों ने पारंपरिक व नवीन योगासनों का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा सभागार उत्साह से भर उठा। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है। राष्ट्रीय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करती हैं





और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की योग परंपरा को मजबूत बनाती हैं। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए योग को संपूर्ण विश्व के लिए भारत का वरदान बताया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में अनूप बंसल, गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, ईश्वर उपाध्याय, सरस बर्मनए रचित कौशिक, श्रेयस मार्कण्डेय, बीना त्रिपाठी, खिलेंद्र साहू सहित कई गणमान्य अतिथियों की विशिष्ट उपस्थिति रही। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे। हैंड बैलेंस व्यक्तिगत स्वर्णः नितिन पावले महाराष्ट्र रजत ऋषभ चटर्जी बंगाल कांस्य, अभिनेश कुमार,तमिलनाडु, बैक बैंड व्यक्तिगत स्वर्णः अलका कुमारी पेरीवाल पंजाब रजतपूर्व किनारे ,महाराष्ट्र,कांस्य,साक्षी कुमारी बिहार, आर्टिस्टिक पेयर,लिटन दास बंगालअमित कुमार गुजरात, इरफान गुलजार ,जम्मू-कश्मीर ट्विस्टिंग बॉडी 18-28 आयु वर्ग शाह कृष गुजरात किशन देवनाथ त्रिपुरा , राहुल चक्रधारी छत्तीसगढ़ तीसरे दिन देर शाम तक मुकाबले चले। प्रतियोगिता का फाइनल एवं पुरस्कार वितरण समारोह 15 सितम्बर को आयोजित होगा।

# रितु रजक कपड़े का व्यवसाय अपनाकर बनी आत्मनिर्भर

**रायपुर, 14 सितम्बर ।** बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएँ अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं और परिवार की जिम्मेदारियाँ भी सफलता पूर्वक निभा रही हैं। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखण्ड की निवासी श्रीमती रितु रजक इसकी प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने दीपक स्व-सहायता समूह से जुड़कर समूह गतिविधियों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रारंभ में उन्होंने ग्राम संगठन से 10 हजार रुपए तथा अपने समूह को बैंक से प्राप्त ऋण में से 40 हजार रुपए का ऋण लेकर कपड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया। व्यवसाय में सफलता



मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत साधन संस्था की तकनीकी सहायता से ग्रामीण बैंक दुलदुला से 2 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर कारोबार का विस्तार किया। श्रीमती रितु रजक कहती हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व एवं राज्य शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में नई पहचान बना रही हैं। आज श्रीमती रितु रजक का कपड़े का व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इससे उन्हें प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय हो रही है। मेहनत और आत्मनिर्भरता से आज ÷लखपति दीदी÷ के रूप में पहचान बना चुकी है। श्रीमती रितु रजक ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विशेष बच्चों का कला, संगीत और नृत्य का कार्यक्रम 14 सिंतबर को

**भिलाई, 14 सितम्बर।** सामाजिक संस्था गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार, 14 सितम्बर को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 5ः30 बजे से रात 8ः30 बजे तक बी.एन.एस. ऑडिटोरियम, सेक्टर-8 में आयोजित होगा। इस अवसर पर भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के 15 विद्यालयों के विशेष बच्चे अपनी कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## प्रतापपुर क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन कर रहे 4 वाहन जब्त

**सूरजपुर, 14 सितंबर ।** प्रतापपुर क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती बरतते हुए राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है।  टीम ने अवैध रूप से गौण खनिज (रेत, मुरुम आदि) का परिवहन कर रहे चार वाहनों को जब्त किया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार  कार्यवाही के दौरान वाहनों से खनिज परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। दस्तावेजों के अभाव में खनिज अधिनियम के तहत  वाहनों को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही संबंधित वाहन मालिकों एवं चालकों पर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई ।

# बिलासपुर स्टेशन में विजिलेंस टीम ने दबिश देकर 5 टन बिना बुक अवैध सामान जब्त किया

**रायपुर/बिलासपुर, 14 सितम्बर ।** रेलवे के पार्सल कार्यालय में एक बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर दबिश देकर लगभग 5 टन बिना बुक किया गया पार्सल जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, और इसकी तह तक पहुंचने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, यह पार्सल दिल्ली से कोलकाता भेजा गया था और उसे कोलकाता में ही उतारा जाना था। लेकिन कोलकाता स्टेशन पर जीएसटी टीम की उपस्थिति के कारण जानबूझकर पार्सल को नहीं उतारा गया। बताया जा रहा है कि कोलकाता के लीज होल्डर ने बिलासपुर के लीज होल्डर को कॉल कर यह पार्सल उतारने को कहा। जैसे ही रेलवे बोर्ड की विजिलेंस टीम को इस गड़बड़ी की जानकारी मिली, उन्होंने जोन की विजिलेंस टीम को सतर्क किया। ट्रेन जैसे ही बिलासपुर स्टेशन पहुंची, वहां स्थानीय लीज होल्डर 'परमा' द्वारा पार्सल उतार लिया गया था। इसके बाद विजिलेंस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पार्सल जब्त किया और लीज होल्डर से पूछताछ शुरू की।

पूछताछ में लीज होल्डर ने बताया कि उसे पार्सल उतारने के निर्देश दिए गए थे, इसलिए उसने ऐसा किया। हालांकि, यह स्पष्ट रूप से सामने आ गया है कि यह पार्सल बिलासपुर के लिए अधिकृत नहीं था। इस बीच रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस विभाग में गाड़ियां लगाने का झांसा देकर ट्रैवल कंपनियों ने 40 लाख की धोखाधड़ी की

**बिलासपुर, 14 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पुलिस विभाग में वाहन लगाने का लालच देकर करीब 40 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने लोगों को हर महीने मोटी कमाई का झांसा देकर ठगी की साजिश रची। इस धोखाधड़ी का शिकार करीब 20 लोग हुए हैं।पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। यहां की पल्लवी ट्रेवल्स और राधा रानी ट्रेवल्स नामक दो ट्रेवल एजेंसियों के मालिकों पर आरोप है कि उन्होंने लोगों से कहा कि उनकी बोलेरो, स्कॉर्पियो और इनोवा गाड़ियां पुलिस लाइन में ड्यूटी के लिए लगाई जाएंगी, जिससे हर महीने उन्हें अच्छा खासा किराया मिलेगा। इस झांसे में आकर लोगों ने एजेंसियों को भारी डिपॉजिट रकम दी, जो कि कुछ ऑनलाइन और कुछ नकद में लिया गया। लेकिन बाद में न तो गाड़ियां पुलिस विभाग में लगाई गईं और न ही किराया दिया गया। आरोपियों ने कुछ गाड़ियां अपने निजी उपयोग में ले लीं और पीड़ितों से किया गया वादा पूरा नहीं किया। जब लंबे समय तक कोई भुगतान नहीं मिला, तब पीड़ितों ने सिविल लाइन थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

## मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन कोरबा में 17 सितंबर को

**कोरबा 14 सितंबर ।** प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर 2025 को पूरे देश में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव दृ रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय महाअभियान के तहत छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में भी तेरापंथ युवक परिषद, सकल जैन समाज एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और राज्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कई रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।कोरबा में यह शिविर जैन मंदिर (पुराना बस स्टैंड), एम.जे.एम. हॉस्पिटल (नया बस स्टैंड), जैन मंदिर (बुद्धवारी) एवं एन.के.एच. हॉस्पिटल (कोसाबाड़ी) में लगाए जाएंगे। हजारों युवाओं एवं समाजसेवियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के आशीर्वाद तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह अभियान जीवन बचाने के उद्देश्य को साकार करेगा। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# रोजगार की तलाश के साथ ही रोजगार सृजन के बारे में सोचें : राज्यपाल

**दुर्ग, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल श्री रमेन डेका आज रूंगटा इंटरनेशलन स्कील्स युनिवर्सिटी भिलाई में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के विद्यारंभ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने युनिवर्सिटी के ड्रोन क्लब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सांसद श्री विजय बघेल, विधायक वैशाली नगर श्री रिकेश सेन एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश पाण्डे भी सम्मिलित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि रूंगटा अंतर्राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय में प्रतिभाशाली लोगों को संबोधित करने में अपार प्रसन्नता हो रही है, जो हमारे छत्तीसगढ़ राज्य और हमारे राष्ट्र के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब आप यहाँ से स्नातक होंगे, तो आपके पास केवल



एक डिग्री ही नहीं होगी, बल्कि आपके पास वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य को परिभाषित करने वाली कंपनियों के प्रमाणपत्र भी होंगे। आपका रिज्यूमे एक ऐसी भाषा बोलेगा जिसे दुनिया भर के नियोक्ता समझते और सम्मान करते हैं। राज्यपाल ने कहा आप सभी रोज़गार की तलाश से आगे सोचे, रोज़गार सृजन के बारे में सोचें। समाज में समस्याओं की पहचान करने और ऐसे समाधान विकसित करने के बारे में सोचें जिनसे लाखों लोगों को लाभ हो सके। यहाँ की सहायता प्रणाली - मार्गदर्शन से लेकर वित्तपोषण तक - आपके सपनों को हकीकत में बदलने के लिए डिज़ाइन की गई है। राज्यपाल ने कहा कि यहाँ की ड्रोन प्रयोगशाला इस बात का एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे तकनीक का उपयोग सामाजिक लाभ के लिए किया जा सकता है। ड्रोन केवल उड़ने वाले उपकरण नहीं हैं; वे ऐसे उपकरण हैं जो कृषि, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा वितरण और पर्यावरण निगरानी में क्रांति ला सकते हैं। जब आप इस प्रयोगशाला में प्रयोग और नवाचार करते हैं, तो याद रखें कि प्रत्येक परियोजना में जीवन को प्रभावित करने और समुदायों को बदलने की क्षमता है।

राज्यपाल श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा किं आज नियोक्ता ऐसे पेशेवरों की तलाश में हैं जो गंभीरता से सोच सकें, टीमों में काम कर सकें, प्रभावी ढंग से संवाद कर सकें और बदलाव के साथ तालमेल बिठा सकें। ये क्लब पाठ्येतर गतिविधियाँ नहीं हैं; ये आपके पेशेवर विकास का अभिन्न अंग हैं। 2,000 युवा दिमागों के एक ही छत के नीचे इकट्ठा होने से, आप बदलाव की एक शक्तिशाली ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन इस अवसर के साथ आपके अपने, आपके

## इलेक्ट्रॉनिक वाहन  धमाके के साथ जल गया, एजेंसी पर लापरवाही का आरोप

**बिलासपुर, 14 सितम्बर ।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक वाहन में अचानक आग लगने की घटना सामने आई है। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन में जोरदार धमाके के साथ आग लगी, जिससे कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई।प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वाहन मालिक का कहना है कि पहले भी गाड़ी में तकनीकी समस्या आने पर एजेंसी को कई बार सूचित किया गया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। घटना के बाद वाहन एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है।

# कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की जानकारी दी

**कवर्धा, 14 सितंबर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 जन्मदिवस को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 के तहत 17  सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा  पखवाड़ा कार्यक्रम के संदर्भ में कुण्डा में  भाजपा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला कार्यक्रम मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट जिला पंचायत सभापति के उपस्थिति में सम्पन्न

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता सदस्य जिला पंचायत कबीरधाम रामकुमार भट्ट कार्यक्रम के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी एवं सह संयोजक श्रवण साहू एवं दिनेश चंद्रवंशी के उपस्थिति में मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मुख्य वक्ता  रामकुमार भट्ट ने सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के गतिविधियों की जानकारी देते हुए  दिशा निर्देश दिए



वही उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मण्डल स्तरीय 15 सदस्य टीम की नियुक्ति की गई है एवं विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने कार्यक्रम की प्रभारी बनाया गया । कार्यक्रम के प्रभारी इस प्रकार से स्वच्छता अभियान के लिए सुमन गुप्ता एक पेड़ मां की नाम वृक्षारोपण के लिए महामंत्री मनहरण साहू रक्त शिविर के लिए उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर स्वास्थ्य शिविर हेतु संतोष ध्रुव प्रधानमंत्री के जीवनी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन हेतु रामस्वरूप साहू प्रबुद्ध वर्ग संवाद सुरेश दुबे दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान गजेश यादव वोकल फॉर लोकल का प्रचार हेतु दिनेश मिश्रा प्रधानमंत्री के मोदी पर चयनित पुस्तकों का वितरण सुमन ढीमर सासंद खेल कूद प्रतियोगिता हेतु सेवा राम कुर्रे विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता महेंद्र धृतलहरे जिलापंचयात सदस्य प्रतिनिधि मोदी विकास मैराथन कार्यक्रम हेतु हरेंद्र राजपूत प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी हेतु अश्वनी यदु पण्डित दिन दयाल जयंती हेतु मोहन चंद्रवंशी गांधी जयंती कार्यक्रम हेतु गीता साहू को प्रभारी बनाया गया हैकार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री मनहरण साहू ने किया आभार व्यक्त श्रवण साहू ने किया  कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी दिनेश मिश्रा सुमन गुप्ता ने संबोधित किया सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप रेखा विस्तार संतोष चंद्रवंशी द्वारा रखी गई द्यउक्त कार्यक्रम में ध्वजाराम चंद्राकर विकास पाण्डेय माखन चंद्रवंशी गणेश यादव सुधा राम साहू भोला राम चंद्रवंशी शेखर सिंगरौल अश्वनी यदु जेठू राम निर्मलकर मुकेश यदु परमेश्वर साहू रमन खनूजा देवेंद्र चंद्रवंशी महेश्वर साहू,नीलेश गुप्ता परसोत्तम निर्मलकर सूरज यादव राजू श्रीवास्तव रामप्रताप श्रीवास कुवारिया चंद्राकर भानुमती साहू सरिता वैष्णव संगीता निर्मलकर बबली साहू सहित कुण्डा मण्डल के 75 बूथों के अध्यक्ष युवा मोर्चा किसान मोर्चा ओबीसी मोर्चा महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नशा कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई 1.20 करोड़ की संपति फ्रीज

**बिलासपुर, 14 सितम्बर ।** बिलासपुर पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे की कमाई से खरीदी गई करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। जांच में सामने आया कि आरोपी अजय चक्रवर्ती ने ड्रग्स से कमाए पैसे से अपनी पत्नी और गर्लफ्रेंड के नाम पर जमीन और मकान खरीदे थे। पुलिस ने सिरगिट्टी के आवासपारा और टिकरापारा में स्थित कुल करीब 1.20 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज कर दिया है।इस कारवाई के लिए बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने साफेमा कोर्ट, मुंबई को जब्ती का प्रस्ताव भेजा है। पुलिस की विवेचना में यह बात सामने आई कि आरोपी ने नशे के अवैध व्यापार से बचने के लिए पैसे बिचौलियों के खातों में ट्रांसफर कराए ।

एक नजर

## न्यूड पार्टी के आयोजन पर तत्काल लगे रोक : कन्हैया



**रायपुर** । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को कलंकित और दागदार करने वाले न्यूड पार्टी जैसे आयोजनों पर प्रदेश कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है । न्यूड पार्टी पर तत्काल रोक लगाई जाए आयोजकों की गिरफ्तारी की जाए इस आशय का ज्ञापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया गया । शासन प्रशासन ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने में सक्षम नहीं होगा तो शहर की जनता के साथ हम ऐसे अश्लील आयोजन को रोकेंगे । शहर नग्नता बर्दाश्त नहीं करेगा । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्धिक ने उक्ताशय का बयान जारी करते हुए कहा कि 21 सितम्बर को रायपुर में आयोजित होने वाली तथाकथित ÷न्यूड पार्टी÷ का सोशल मीडिया में खुलेआम प्रचार किया जा रहा है। यह न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक मूल्यों पर सीधा आघात है बल्कि सरकार और प्रशासन की उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण भी है।

## नाले और जलाशयों से उद्योगों को पानी दिए जाने से गांवों में हो रही निस्तारी की समस्या : राजू शर्मा

**तिल्दा नेवरा, 14 सितंबर।** तिल्दा नेवरा किसान नेता राजू शर्मा ने क्षेत्र के नाले जलाशय और क्षेत्र के कोटा जमुना नाला को उद्योगों को उपयोग करने के लिए दिया जा रहा है शासन उपरोक्त अनुबंध को तुरंत निरस्त करें प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा जब नया नल से



ग्रेविटी स्पंज आयरन चापा को 265 दिनों के लिए पानी का उपयोग करने का अनुबंध किया गया है जिससे कि क्षेत्र में ग्राम के लोगों को निस्तार वी पशु पालन में अत्यधिक परेशानी होगी उपरोक्त नाला क्षेत्र के राय खेड़ा गैतरा से निकलकर से निकलकर ग्रामीणों के खेतों से बचत पानी के के के माध्यम से उपरोक्त नाला क्षेत्र के 2500 गांव के लोगों का निस्तार का केंद्र बना हुआ है ग्रेविटी उद्योग के द्वारा उपरोक्त नाले से 265 दिनों तक जब पानी का उपयोग किया जाएगा तो क्षेत्र में भोजन का स्तर नीचे हो जाएगा जिससे कि क्षेत्र में अकाल और पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है वहीं शासन के द्वारा मानपुर जलाशय जलसो जलाशय वह अन्य जलाशों का जल उद्योग विभाग के उद्योग को उपयोग के लिए अनुबंध किया जा रहा है जो की अनुचित है सरकार जहां क्षेत्र के सिंचाई योजनाओं को लागू करने के संबंध में सजान नहीं ले रही है वहीं उद्योगों को पानी देने के लिए अनुबंध करने के लिए आतुर है क्षेत्र में कृषि के उपयोग के लिए जहां जल योजना सरकार नहीं बन पा रही है वहीं उद्योगों को पानी देने का अनुबंध क्षेत्र में किसने और कृषि के लिए अति नुकसानदायक है।

## आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 को मैनपुर में

**गरियाबंद, 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर प्रथम विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 सितम्बर को दुर्गा मंदिर बस स्टैंड मैनपुर में किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे।शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुष अधिकारी गरियाबंद ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

## राज्य अंलकरण के लिए 22 तक आवेदन

**बिलासपुर, 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, यतियतन लाल सम्मान एवं महाराजा अग्रसेन सम्मान से सम्मानित करने के लिए जिला प्रशासन ने पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से 22 सितम्बर शाम 5.30 बजे तक आवेदन मंगाये है। आवेदक जिसे जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत करना होगा। चयनित व्यक्ति एवं संस्थाओं को पुरस्कार की राशि दो लाख रूपए नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए यतियतन लाल सम्मान, सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये अभिनव प्रयास के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं सामाजिक, समरसता तथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के लिए अखिल भारतीय महराजा सम्मान प्रदान किया जाता है।

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद हो रही महादेवघाट के विसर्जन कुंड की सफाई

### दुर्गोत्सव के पूर्व विसर्जन कुंड की तैयारी पूर्ण करने महापौर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 14 सितंबर।** राजधानी शहर रायपुर में दस दिवसीय श्रीगणेश उत्सव और श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने के पश्चात महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड की सफाई पोकलेन और जेसीबी मशीन की सहायता से प्रारम्भ करवा दी गयी है.



रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जोन क्रमांक 8 द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 क्षेत्र अंतर्गत महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड की सफाई पोकलेन और जेसीबी मशीन लगाकर करवाई जा रही है. सफाई अभियान की मॉनिटरिंग जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, माधव राव सप्रे वार्ड पार्षद श्री महेन्द्र औसर, उपायुक्त स्वास्थ्य श्रीमती प्रीति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा कर रहे हैं.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सम्बंधित निगम अधिकारियों को महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड की सफाई शीघ्र सुनिश्चित करने निर्देशित किया है, महापौर ने निर्देशित किया है कि स्वच्छता कायम करके विसर्जन कुण्ड को दुर्गोत्सव के पूर्व पूरी तरह तैयार कर लिया जाये.

# आयोग ने फायनेंस कम्पनी को नो ड्यूज सर्टिफिकेट देने का दिया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर।** सम्पूर्ण किश्त राशि जमा करने के बाद भी फाइनेंस कंपनी द्वारा आवेदक को नोड्यूज प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करने के मामले में जिला उपभोक्ता एवं प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा फायनेंस कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को नोड्यूज प्रमाण पत्र सहित मानसिक एवं आर्थिक क्षति एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाहोद निवासी किशोर साहू ने अपने वाहन का फाइनेंस कम्पनी हिन्दुजा लीलैण्ड फायनेंस कम्पनी रायपुर से कराया था जिसमें 53000 मासिक किस्त राशि कुल



53 किस्तों में जमा किये जानी थी।सम्पूर्ण किश्त की राशि तय समय के भीतर जमा कर देने एवं लोन की कोई राशि शेष नहीं होने के बावजूद कम्पनी द्वारा नोड्यूज प्रगाण पत्र नहीं दिया गया और न ही हिसाब बताया गया। इस पर किशोर साहु ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया।आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजो का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि

कंपनी द्वारा किसी भी नोटिस का जवाब नहीं दिया ना ही नोड्यूज प्रमाण पत्र देने के सम्बंध में स्पष्टीकरण दिया। आयोग ने हिन्दुजा लीलैण्ड फायनेंस कम्पनी रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को नोड्युज प्रमाण पत्र प्रदाय करने एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 5,000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 3,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

# तिल्दा नेवरा वार्ड-13 में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 14 सितंबर।** वार्ड क्रमांक तेरह में दावत होटल के बाजु से सिंधी केम्प को जोड़ने वाली सड़क जिसकी लागत दस लाख तेरह हजार रुपए है , बनने वाले सीसी रोड निर्माण के भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला खुमान वर्मा, उपस्थित थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि और भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल भाजपा रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी मण्डल अध्यक्ष मनोज निषाद, नगर पालिका मुख्य अधिकारी अनीश ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती पलक विकास सुखवानी ,वार्ड पार्षद श्रीमती किरण बाला नायक ,पूर्वनगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ,पार्षदगण दिनेश साहू ,धर्मेंद्र डहरिया ,डाक्टर खुमान वर्मा ,नानक छाबड़िया , समस्त



वार्ड वासियों ने भाग लिया और भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए। भूमि पूजन समारोह के दौरानवार्ड में खुशी और उत्साह का माहौल था, और सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

# लोक अदालत में 258 प्रकरणों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 14 सितंबर।** व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत आयोजित किया गया और 258 प्रकरणो का निराकरण किया गया। जिसमें में दाण्डिक प्रकरण 10 ,परिवारवाद 10 ,मोटरयान 223 ,सिविल प्रकरण , बैंक सम्बंधित प्रकरण 195 जल कर ,सम्पति कर 193 कुल 388 प्रकरण आये जिसमे 15 का निराकरण किया गया ,, विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरण सहित अन्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण का प्रावधान किया गया था उक्त लोक अदालत में कल 258 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 35 लाख 69 हजार 248 रुपए का रिवॉर्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत में कई मामलों का निराकरणः नेशनल



लोक अदालत का आयोजन कर आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण योग्य मामलों का निपटारा किया जाता है. व्यवहार न्यायालय परिसर में भी नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. बता दें की लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न राजी नाम योग्य प्रकरणों की सुनवाई की जाती है.वहीं लोक अदालत में दिए गए निर्णय को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है.

## वृद्धजन दिवस मनाने 15 सितबंबर को बैठक

**बिलासपुर, 14 सितंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस साल भी जिले में 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 15 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 4 स्थित संयुक्त संचालक समाज कल्याण कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। वरिष्ठ नागरिकों हेतु संचालित समाज सेवी संस्थाएं, पेंशनर संगठन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है।

समारोह में 1 अक्टूबर को वृद्धजनों का सम्मान के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण, वित्तीय संरक्षण कार्यशाला, माता पिता भरण अधिनियम 2007 तथा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। संयुक्त संचालक टीपी भावे ने बैठक में शामिल होने अधिकाधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अनुरोध किया है।

# राज्य मानसिक चिकित्सालय में मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने लिए गए कई निर्णय

### कमिश्नर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

**बिलासपुर, 14 सितंबर।** संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गये। इसके साथ ही बुनियादी काम संबंधित भी निर्णय लिए गये। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल और समिति के सदस्य मौजूद थे।



समिति की बैठक में अस्पताल के जरूरी कामों में खर्च किए गए साढ़े 9 लाख रूपए के विभिन्न कामों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मैकेनाइज्ड लॉण्ड्री मशीन के वार्षिक संधारण, अतिरिक्त मैकेनाइज्ड लॉण्ड्री मशीन और पैथोलेब के लिए आवश्यक जांच मशीन क्रय करने, अस्पताल के रंगरोगन, सीपेज एवं विभिन्न मरम्मत कार्य, एक्स-रे कक्ष में लेडशीट एवं टीएलडी बैच लगवाने, अस्पताल के वार्डो के लिए हॉस्पिटल बेड एवं मैट्रेस क्रय करने के संबंध में निर्णय लिया गया। संभागायुक्त ने अस्पताल में मरम्मत कार्यों के लिए जल्द प्राक्कलन बनाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। बैठक में अधीक्षक जेपी आर्या ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अस्पताल में प्रतिदिन 110 ओपीडी एवं 04 आईपीडी होती है। विगत 8 माह में 12 हजार से अधिक मानसिक रोगियों का ओपीडी में इलाज हुआ। इसके अलावा 800 से ज्यादा मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया गया। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश भी दिए।

# अनेकांतवाद हर व्यक्ति की आवश्यकता : मनीष सागर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 14 सितंबर।** टैगोर नगर पटवा भवन की धर्मसभा में शनिवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि व्यवहार में आपको अनेकांतवादी बनना होगा। अनेकांतवाद हर व्यक्ति की आवश्यकता है। वस्तु खुद अनेकांत है।।वस्तु के अनेक गुण होते हैं। इसलिए वस्तु को अनेक नजरिये से देखना है। वस्तु अनेक पक्ष वाली होती है। उसे एक तरह से नहीं समझा जा सकता। वक्ता यदि अनेकांत वाला है तो श्रोता को भी अनेकांत वाला होना चाहिए। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि परमात्मा ने कोई कथन कहा है तो इसके दूसरे भी



आयाम है। परमात्मा के कथन को यदि एकांत से ग्रहण कर लेंगे तो गड़बड़ हो जाएगी। परमात्मा के कथन को समझना होगा कि वह किस अपेक्षा से बोला गया है। इसलिए हमें जिनवाणी समझ में नहीं आती है। जिनवाणी को अनेकांत से सुनकर उस दृश्य को बनाना होगा। जब तक हम अनेकांत दृष्टि से नहीं समझेंगे, तब तक जिनवाणी समझ में नहीं आएगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सिद्धांत बनाने में कंजूसी ना करें। सिद्धांत परिपूर्ण बनाओ। सिद्धांत सही बनेगा तो आचरण में ला पाएंगे। सिद्धांत नहीं बनाएंगे तो आचरण में आएगा नहीं। लक्ष्य निर्धारित करना होगा। तभी उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आप चलना शुरू करोगे।।जिनवाणी को समझने का प्रयास कर रहे। जिनवाणी को नहीं समझा तो असरकारी नहीं होगी। जैन धर्म के तीन मुख्य सिद्धांत अहिंसा,अनेकांत और तीसरा अपरिग्रह है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अहिंसा को समझना थोड़ा आसान है और अपरिग्रह को भी समझा जा सकता है।

# बिजली बिल में बेहताशा वृद्धि से कई उपभोक्ता परेशान:शैली भाटिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 14 सितंबर।** प्रदेश में बिजली संकट गहराता जा रहा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को इस समय सबसे बड़ी मार बढ़े हुए बिजली बिलों की झेलनी पड़ रही है। कई उपभोक्ताओं के घरों में 10 से 20 हजार रुपये तक के बिल थमा दिए गए हैं। जनता परेशान है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी ठोस जवाब तक नहीं दे पा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका है। उन्होंने कहा कि किसान बिजली कटौती से त्रस्त हैं और घरेलू



उपभोक्ता भारी-भरकम बिलों से सदमे में। भाटिया ने बताया कि स्मार्ट मीटर से स्थिति और खराब हो गई है। खपत से कई गुना अधिक बिल आ रहे हैं, तकनीकी गड़बड़ी आम हो गई है और सिस्टम ने गरीबों व किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की हाफबिजली बिल योजना की तुलना करते हुए कहा कि भूपेश बघेल जी के समय हर घर को राहत मिली थी। 400 यूनिट तक आधा बिल देना पड़ता था और किसानों को मुफ्त पंप कनेक्शन के साथ नियमित बिजली मिलती थी। वहीं भाजपा सरकार ने नई बिजली टैरिफ लागू कर जनता को बेहाल कर दिया है।

# मां पर जानलेवा हमला,आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 14 सितंबर।** दिनांक 12.09.2025 को प्रार्थिया अंजनी जोशी निवासी ग्राम बोहारडीह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 11.09.2025 को घर के सभी सदस्य खाना खा रहे थे, इसी दौरान बड़ा लड़का धनेश्वर जोशी आया, तब उसके एक अन्य पुत्र हरेश जोशी ने धनेश्वर जोशी को बोला कि उसका टूटा हुआ मोबाइल को बनवा दे। इस बात के लिए परिवार के



सदस्यों द्वारा धनेश्वर जोशी को भी समझाइस दिया जा रहा था। इतने में बड़ा लड़का धनेश्वर जोशी गुस्से में आकर, अश्लील गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देकर घर में रखे हंसिया से प्रार्थिया के ऊपर हमला कर दिया, जिससे प्रार्थिया के कान, तथा गर्दन में प्राणघातक गंभीर चोंट आया है। बीच बचाव करने आए प्रार्थिया के पति बिसहत जोशी को भी चोंटे आई है।

कि रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्रमांक 110/2025 धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी धनेश्वर जोशी को तत्काल हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा समझाइश देने से आवेश में आकर अपनी मां के ऊपर हंसिया से प्राण घातक वारकर उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 12.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- धनेश्वर जोशी उम्र 24 साल निवासी ग्राम बोहारडीह थाना गिधपुरी।

# दल्लीराजहरा के व्यापारी विशाल मोटवानी की गिरफ्तारी के विरोध में बाजार बंद

### व्यापारियों ने की रिहाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 14 सितंबर।** गणेश विसर्जन के दिन दल्ली राजहरा के व्यापारी और बीजेपी पार्षद विशाल मोटवानी को अकारण गिरफ्तार किए जाने के विरोध में दल्ली राजहरा का बाजार पिछले दो दिनों से बंद है। व्यापारियों में इस गिरफ्तारी को लेकर भारी रोष है। आज, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बालोद कलेक्टर परिसर में एडिशनल एसपी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल एसपी को एक ज्ञापन सौंपकर विशाल मोटवानी की तत्काल रिहाई की मांग की। व्यापारियों



का कहना है कि मोटवानी की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की गई है, जिससे पूरे व्यापारी समुदाय में आक्रोश है।

इस मुलाकात के दौरान, राजहरा परिवहन संघ ने भी अपनी समस्यायें बताकर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को एक अलग ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, सलाहकार- अशोक मलानी, किशोर आहूजा, गोविंद वाधवानी, कार्यकारी अध्यक्ष- राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष- राजेश गुरनानी, दिलीप इसरानी, अशोक क्षेतीजा, मनीष प्रजापति, अशोक राठी दुर्ग, शिव चंद्राकर दुर्ग, दिनेश टावरी दुर्ग, प्रहलाद रूंगटा दुर्ग, मंत्री- प्रशांत गुप्ता, सतीश बागड़ी, दीपक चोपड़ा दुर्ग, स्वाधीन जैन बालोद , जवाहर जैन, दल्लीराजहरा इकाई अध्यक्ष -अमित कुकरेजा, दुर्ग इकाई अध्यक्ष-अनूप गटागट, विनय खंडेलवाल कार्यकारी अध्यक्ष, कुलदीप सिंह लालवानी महामंत्री दुर्ग इकाई, कार्यकारिणी सदस्य- भागवत सोनी दुर्ग इकाई, बालोद इकाई अध्यक्ष- हरीश सांखला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 14 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली एवं हथबंद की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.09.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए



सभी 08 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

**आरोपियों के नाम-** 1. फ्रित चिमनानी उम्र 43 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 2. दुर्गेश यादव उम्र 44 साल निवासी रिसदा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 3. परमेश्वर धृतलहरे उम्र 38 साल निवासी ग्राम रसेडी थाना सिटी कोतवाली 4. समीर रात्रे उम्र 20 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी 5. आदित्य टंडन उम्र 22 साल निवासी मिशन परसाभदेर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 6. सूरज पटेल उम्र 25 साल निवासी रायपुर रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 7. इब्राहिम उम्र 38 साल निवासी वार्ड नंबर 11 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली 8. अजय बांधे उम्र 33 साल निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद।

## संपादकीय

# निरंतर सख्ती से बड़ी सफलता

सरकार जब निरंतर किसी काम में लगी रहती है, अपना एक लक्ष्य तय कर लेती है और जब सब अपना अपना काम करते हैं तो बड़ी सफलता भी मिलती है। आम तौर पर बारिश के चार महीने बारिश,नदी नालों में उफान के चलते नक्सलियों की गतिविधियां कम हो जाती हैं,इसलिए सरकार भी नक्सलियों के खिलाफ चार महीने कार्रवाई नहीं करती थी लेकिन साय सरकार के समय पहली बार ऐसा हो रहा है कि बारिश के चार महीने में भी सरकार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है,सुरक्षा बल बड़े आपरेशन चला रहे हैं। ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि गृहमंत्री अमित शाह ने लक्ष्य तय कर दिया है कि मार्च 26 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया कर देना है। पहले की सरकारों के समय इस तरह का कोई नक्सलियों के सफाए का कोई लक्ष्य नहीं होता था, इसलिए वह सफाए के लिए काम भी नहीं करते थे, लेकिन साय सरकार के समय नक्सलियों के सफाए का लक्ष्य है इसलिए नक्सलियों के सफाए के लिए बारिश के समय भी बड़े स्तर पर काम चल रहा है। इसका परिणाम भी बड़ी सफलता के रूप में सामने आ रहा है। गरियाबंद के मैनपुर ब्लाक के ओडिशा से लगी सीमावर्ती गांव में पुलिस नक्सली मुटभेड़ में सेंट्रल कमेटी मेंबर 1.8 करोड़ा का ईनामी नक्सली बालाकृष्णा सहित 10 नक्सली मारे गए हैं। इससे गरियाबंद क्षेत्र में कोई तेलगू लीडर नहीं बचा है। जनवरी में चलपति मारा गया था अब सिंतबर में बालाकृष्णा भी मारा गया जो हर बार मुठभेड़ के समय बच जाता था। इसके बाद शनिवार को महिलाओं को नक्सलवाद के गड्ढे में ढके लने वाला महिला नक्सली लीडर व झीरम सहित सात बड़ी वारदातों की मास्टर माइंड सुजाता उर्फ कल्पना ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया है। उस पर 1.40 करोड़ का इनाम था। इसी तरह कुछ दिन पहले इनामी नक्सली कमांडर विमला भी मारी गई थी। उस पर आठ लाख का ईनाम था। इसी तरह सुकमा में कई ईनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया। नक्सलियों का इस तरह मारा जाना और सरेंडर करना इस बात का संकेत हैं कि साय सरकार के समय नक्सलियों का सफाया तेजी से किया जा रहा है।यह साय सरकार की बड़ी सफलता है।

## राशिफल

**मेष** आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है, तभी आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी। परिवार वालों के साथ समय बिताने से जो टेंशन थी, तो वह भी कम होगी। भाई और बहनों से आपकी खूब पटेगी। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतें। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं। अपने पिताजी से यदि आप किसी काम को लेकर धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थी किसी परीक्षा की तैयारी के लिए कोई कोचिंग लेने की सोच सकते हैं। आप अपने मित्रों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे। आपको किसी सरकारी मामले में टेंशन बनी रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए संघर्षो से भरा रहेगा। आपके कामों में कुछ रुकावटें आएंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी। आपको किसी भी मामले को थोड़ा धैर्य से निपटना होगा। आपकी कोई गलती आपको टेंशन दे सकती है। आप अपने किसी विरोधी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें, नहीं तो वह इसका फायदा उठाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको जीवनसाथी के अनुसार कोई गिफ्ट मिल सकता है। आप लोगों के साथ कहीं वेकेशन पर जाने के प्लानिंग करेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको धन कमाने के नए-नए अफसर मिलेंगे। आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाए और रुपये पैसे को लेकर कोई मामला यदि अटका हुआ था, तो वह भी दूर हो सकता है। आपको अपनी भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात हो सकती हैं। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा और अपने बॉस से रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है, इसलिए आप कोई निवेश बहुत ही समझदारी से करें और अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र में किसी को भी बिना मांगे सलाह देने से बचें। आप किसी दूसरी नौकरी के लिए आप अप्लाई कर सकते हैं। आप सेहत को लेकर आप थोड़ा एहतियात बरतें। प्रेम संबंधों में कटुता आ सकती है, इसलिए अपने साथी से कोई बात सोच समझकर बोले।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरियां बनाकर रखनी होगी। वैवाहिक जीवन में कुछ चुनौतियां आएंगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। पूजा-पाठ में आपका खूब मन लगेगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आवश्यक करें। आप अपनी वाणी पर संयम रखें और कारोबार में आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाए, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। किसी नए घर की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। आप अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतें और शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जिससे आपको अपनी बिजनेस में भी अच्छा फायदा मिलेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपके सामने कुछ दिक्कतें बनी रहेंगी। किसी बड़े प्रोजेक्ट से भी आपको धोखा मिल सकता है। आप किसी काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी मित्र से आपकी खटपट होने की संभावना है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। जल्दबाजी में किसी काम को हां ना करें। बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करना आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप पार्टनरशिप से सलाह मशवरा अवश्य करें। आप अपने वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर अपने किसी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा और आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों में कर्मनिष्ठ होकर आगे बढ़ेंगे। आप किसी दूसरे पर काम को लेकर डिपेंड ना रहेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको यदि कोई जिम्मेदारी दी जाए, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की भी सोच सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए खुशियों से सराबोर रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में आपको मनमुताबिक काम मिलेगा और कहीं बाहर भी भेजा जा सकता है। आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा एतियात बरतें, क्योंकि वह लापरवाही कर सकती हैं, जिसका बाद में उन्हें भुगतान करना पड़ेगा। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

# भारत माता के माथे की बिंदी है हिन्दी

**मनोज दुबे ( लेखक व चिंतक )**



१९४७ में देश की आजादी के बाद से ही १४ सितंबर १९५३ से देश में "राष्ट्रीय हिन्दी दिवस " मनाने का दौर शुरू होता है, और आज ७८ वर्ष के स्वतंत्र भारत में हिन्दी की प्रगति व विकास को वर्तमान समय की स्थिति से ही सरल व सहज रूप में ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज हिन्दी किस राह पर खड़ी है, ।......दुनिया के किसी भी देश की भाषा व संस्कृति उस देश की पहचान होती है,और आज फिर वो राष्ट्रीय हिन्दी दिवस १४ सितंबर की वो शुभ घड़ी आ ही गई , जहां आज हम फिर एक बार पूरे देश में हर , सभी संस्थाओं में हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हिन्दी दिवस मनायेंगे,,सभी शासकीय व अशासकीय संस्थानों में, ख़ासकर शैक्षिक संस्थानों में तो इस बार फिर बड़े बड़े सेमिनार , बेबिनार व व्याख्यानों के द्वारा दिल में अंग्रेजी के प्रति समेकित प्रेम ,प्यार व व्यापक व्याकुलता रखते हुये व हिंदी दिवस में अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति औपचारिकता निभाते हुते पाखंड रूपी प्रेम दिखायेंगे।। शासन , प्रशासन से लेकर हर अनिवार्यतः स्थानों में खूब अपनी मातृभाषा के विषय में उपदेश दिये जाएंगे,। .......कहा जायेगा संविधान सभा ने लंबी चर्चा के बाद १४ सितंबर १९४९ को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया,, भारतीय संविधान का अनुच्छेद ३४३ से ३५१ तक इसके लिये निर्देशित करता है।हमें अपने देश के हर क्षेत्र में हिंदी को बढ़ावा देने के लिये कार्य करने चाहिए, शिक्षा हो,अदालत हो बैंक हो या रेलवे हो आदि सभी क्षेत्रों में हिंदी को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। पर गंभीर होकर कोई भी जमीनी स्तर पर कार्य करना नहीं चाहता,..बस झूठे उपदेशों के सहारे हिन्दी को वो सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाने का प्रोपेगैंडा दिवसों के बहाने व उसी के सहारे करते चले जा रहें हैं ,!!. दिवसों के रूप मे हम ऐसे उलझ गए हैं कि बस दिवस की औपचारिकता पूरी करके अगले ही दिन फिर वही पुराने ढर्रे पर चलना शुरू कर देते हैं....... ...ऐसे में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति माननीय एम.वैंकैया नायडू जी पंक्ति मुझे याद आती है.."यदि किसी देश की संस्कृति व उसके संस्कारों को गहराई से जानना है, तो उसके लिए उसकी व उस देश की भाषा को जानना जरूरी है" ।

मुझे लगता है दुनिया का एक मात्र भारत ऐसा देश है जो विदेशी भाषा अंग्रेजी बोलने पर अपने आप को सम्मानित व गौरवान्वित महसूस करता है, और अंग्रेजी के लिए वह ज्यादा से ज्यादा समय देकर और ज्यादा पैसे खर्च करने को तैयार रहता है, और अपने देश की प्रतिभा व प्रभावशाली हिंदी भाषा को वह फ्री में भी स्वीकार करने से परहेज़ करता है,। स्वतंत्रता के पश्चात से ही हिंदी को बढ़ावा देने का झूठा प्रोपेगैंडा चलता रहा है,।और आज भी अनवरत रूप चल रहा है। आज तो हम इस अंग्रेजी रूपी विदेशी भाषा के प्रति इतने मोहित और आकर्षित गए हैं , कि इसकी बेड़ियों में जकड़कर अपनी मातृभाषा हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा बना डालें हैं।

.. लार्ड मैकाले का वो कथन शत् प्रतिशत चरितार्थ हो रहा है , उस समय के भारत के गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक के काल में अंग्रेजी शिक्षा के प्रबल व कट्टर समर्थक लार्ड मैकाले ने उन्नीसवीं सदी में कहा था कि""हम भारत को छोड़ कर तो चले ही जायेंगे, लेकिन हम एक ऐसी अंग्रेजी रूपी नागिन छोड़कर जायेंगें जो भारतीय भाषा ,कला व संस्कृति को नष्टप्राय कर देगी।

शायद आज ये सच भी होता जा रहा है। इसके बावजूद सब अंग्रेजी के पीछे ही भाग रहें हैं, आज हर अभिभावक को अपने बच्चों कें लिये अंग्रेजी मीडियम स्कूल चाहिए, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय चाहिये,...फिर हिंदी कहां जायेगी साहब, हिंदी कौन पढ़ेगा.....? अंतर्राष्ट्रीय मंच से हिंदी में संबोधन मानवीय अटल जी ने दिया था। जिसे हम सब जनरल नालेज में पढ़ते हैं ..कहीं ऐसा न हो कि आने वाली पीढ़ी को यह पढ़ना पड़े कि राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा में संबोधन भारत के कितने प्रधानमंत्रियों नें किया था।

बेशक हम विदेशी भाषाई रूप में तो हम खूब धनीं हैं और संपन्न हैं , लेकिन आज भी हम स्वदेशी भाषा के प्रति बहुत ही गरीब व विपन्न हैं।मातृभाषा हिंदी सिर्फ संवाद का स्वाभाविक माध्यम ही नहीं है, अपितु वह तो उस देश की सांस्कृतिक विरासत होती है , और उसकी पहचान होती है.। मातृभाषा ही उस देश की संस्कृति व सभ्यता की वाहक होती है। इसलिए सरकार को ही सबसे पहले आगे आकर जमीनी स्तर पर नीतियां बनाकर प्रोत्साहित करना होगा.. ये बात भी सही है कि वर्तमान सरकार ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने का प्रयास किया ,.....लेकिन जमीनी स्तर पर उसका पालन भी करना होगा।

हालांकि सभी भाषाओं के प्रति हमारा पूरा आदर व सम्मान है. पूरा देश ही बहुभाषा वादी है , .... हिंदी तो अपने ही देश में , अपने ही घर में अकेली पड़ गई है , लेकिन हमारे देश की मातृभाषा हिंदी है उसे पहली प्राथमिकता के साथ साथ उसे पूरा सम्मान भी देना होगा.तभी हिंदी दिवस का सही मतलब होगा।बाकी फिर बाद में जरूरत के हिसाब से अन्य भाषाओं में को स्थान दें। अगर आज भी सरकार इस पर काम करना शुरु नहीं किया तो निश्चित ही हमारी सांस्कृतिक विरासत अत्यंत ही खतरे में पड़ जायेगी। क्योंकि किसी भी देश की संस्कृति, सभ्यता व संस्कार उस देश की भाषा में ही समाहित होते हैं,। और ताज्जुब भी होता है और दुःख भी होता है कि देश की स्वतंत्रता के ७८ वर्ष पूरे हो गए लेकिन आज तक देश की गरिमा व सम्मान हिन्दी को राष्ट्र की राष्ट्रभाषा न बना पाये........... ।संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने भी विश्व की आधी से अधिक भाषाओं के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की थी ....शताब्दी के अंत तक कई भाषायें विलुप्त हो जायेंगी।मेरा सदैव ऐसा मानना रहा है कि शासन व प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में मातृभाषा हिंदी को अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिये..।...यदि ऐसा न हुआ तो हम सब राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस ही मनाते रहे जायेंगे।और तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

# राष्ट्रभाषा के लिए जिंदा रहें संवेदनाएं

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

भाषा एक ऐसा माध्यम है जिसके दम पर एक व्यक्ति अपनी अवधारणाएं तय करता है । अपने विचारों को व्यक्त करता है । इसके माध्यम से वह समाज में सक्रिय रहते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन कर पाता है । यदि गहराई में झांका जाए तो भाषा आम से खास लोगों को प्राथमिक समूह प्रदान करती है । कारण यह कि भाषा के द्वारा ही मानवीय समाज में एक - दूसरे से पहचान बनाई जा सकती है । भाषा के संदर्भ में कहा जा सकता है कि यह केवल संचार का साधन मात्र नहीं है । भाषा पहचान की एक केंद्रीय और परिभाषित विशेषता भी मानी जाती है । सभी मानवीय विशेषताओं का आदान - प्रदान भाषा के माध्यम से ही होता है । साथ ही सभी मानवीय मूल्य भाषा के द्वारा ही अभिव्यक्त किए जा सकते हैं । इसे शायद ही कोई इंकार कर सके कि भाषा ही किसी भी व्यक्ति की पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । यही कारण है कि किसी भी देश को अपनी भाषा के संरक्षण के लिए प्रतिज्ञ होना चाहिए। जहां तक भाषा के विस्तार की बात की जाए तो यह हर विषय और क्षेत्र में बैसाखी का काम करती है । भारतवर्ष अखिल विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है । हमारे देश की आजादी में भी हिंदी भाषा की मुख्य भूमिका रही है । बड़ी विडंबना है कि देश को आजादी मिले अब 80 वर्ष होने जा रहे हैं , किंतु अब तक हमने अपनी भाषा को मातृभाषा के रूप में अंगीकार नहीं किया है ! इतने विशाल देश की अपनी कोई भाषा न होना क्यों हमारे नीतिकारों के लिए चुनौती नहीं बन रहा है ? हमारे देश के न्यायालय पूरे विश्व में न्याय के लिए जाने जाते हैं । क्या यह हमारे लिए वैचारिक गुलामी का प्रतीक नहीं की अब भी हमारे न्यायालयों में सुनाए जाने वाले निर्णय उन्हीं अंग्रेजों की भाषा में सामने आते हैं , जिन्होंने हमें 200 साल तक अपनी गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखा ! मैं स्पष्ट शब्दों में कहूं तो इस प्रकार का व्यवहार हमारी अपनी जनता के साथ बड़ा छलावा है । स्वतंत्रता के बाद संविधान निर्माताओं ने भाषा के लिए जो शर्तें लगा दीं वही हमारे लिए नासूर बन गई । 15 वर्षों तक संपर्क भाषा के रूप में अंग्रेजी की स्वीकारोक्ति को अब हम अपने ही देश में रहने वाले विभीषणों के चलते नहीं छोड़ पा रहे हैं ! यदि मैं यह कहूं कि हम आज भी भाषाई दृष्टि से गुलाम हैं , तो क्या गलत होगा ? आज एक - एक भारतीय को यह स्वीकार करना होगा कि हमारी अपनी हिंदी भाषा को अपने ही घर में संघर्ष करना पड़ रहा है ! इसके पीछे जो कारण नजर आते हैं वे राजनीति के गंदे कुचक्र में उलझे हुए हैं । अधिक साफ शब्दों में कहूं तो कुछ राजनीतिक दलों ने भाषा को राजनीति का मुद्दा बना लिया है ! वे कदापि नहीं चाहते कि पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश की हिंदी भाषा को राजकीय भाषा और राजभाषा से बढ़कर राष्ट्रभाषा बनाया जा सके ! हम अपनी भाषा को कब देश की जनता का गौरव अलंकरण बना पाएंगे ? इसे लेकर आज तक किसी भी दल ने बताने की बात तो दूर सुनने की भी जरूरत नहीं समझी ! हमारे देश के राजनेता हिंदी को उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान जनक स्थान दिलाने की जरूरत क्यों महसूस नहीं कर रहे हैं , जबकि यह सभी स्वीकार करते हैं कि भारतवर्ष के हित में , भारतवर्ष को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के मार्ग में अपनी मातृभाषा का होना जरूरी है । प्रत्येक भारतवासी की आत्मा को पहचानने , उसमें आत्मविश्वास जगाने और विश्व को भारतवर्ष की भाषा का परिचय देने के लिए अब नितांत आवश्यक हो गया है कि हमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा से अलंकृत किया जाए । हिंदी भाषा में समाए गुणों के कारण हिंदी एक अपरिचित के लिए भी आसान बन जाती है ! हमारी हिंदी भाषा राष्ट्रीय चेतना की संवाहिका मानी जाती है । एक - एक अक्षर और शब्द की ध्वनि वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है । इसलिए कहा जाता है ध्वन्यात्मकता , वैज्ञानिकता एवं अक्षरात्मकता का गुण हिंदी भाषा की विशेषता है । हिंदी भाषा को जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा भी जाता है । साथ ही जैसा लिखा जाता है वैसा ही पढ़ा भी जाता है । आजकल फैशन के रूप में अपनाई जाने वाली अंग्रेजी में ऐसी विशेषता अथवा गुण का सर्वथा अभाव है । यह जानकर आश्चर्य होगा कि इंग्लैंड में अंग्रेजी राष्ट्र भाषा बनने से पूर्व सभी कार्य फ्रेंच भाषा में हुआ करते थे ! न्यायालयों से लेकर शासन की भाषा भी फ्रेंच ही थी ! कानून फ्रेंच भाषा में बनाए जाते थे और उच्च शिक्षा का माध्यम लैटिन था ! डॉक्टर , नेता , वकील सभी फ्रेंच और लैटिन का प्रयोग किया करते थे ! सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह थी कि अंग्रेजी को " बैरक लैंगुएज " कहा जाने लगा था ! अंग्रेजी की वकालत करने वाले को गंवार समझा जाता था ! आखिरकार इंग्लैंड में भी फ्रेंच एवं लैटिन को गुलामी का सबूत मानकर यह प्रण लिया गया कि अंग्रेजी उनकी अपनी पहचान की भाषा होगी । इंग्लैंड की सरकार ने महज 38 दिन के भीतर सारी व्यवस्था बनाकर अंग्रेजी को राष्ट्रभाषा बना दिया ! सवाल यह उठता है कि राष्ट्र और अपनी भाषा से स्नेह रखने वाले अंग्रेजों ने अपने दृढ़ संकल्प से दो विदेशी भाषाओं को देश से बाहर निकाल फेंका और अंग्रेजी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दिल दी , तो भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता है ? हमें अपनी आत्मा से पूछना होगा कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हम अपनी भाषा को सम्मान पूर्वक राष्ट्रभाषा की गद्दी क्यों नहीं दे पा रहे हैं ? हमारे देश में आज भी महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती के लिए अंग्रेजी से जुड़े प्रश्न पत्र में पास होने की अनिवार्यता काम कर रही है ! हमने क्यों ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई कि बिना हिंदी में पास हुए कोई भी नौकरी आसान नहीं होगी ? जहां तक मैं समझ पा रहा हूं अंग्रेजी भाषा को बड़ी चालाकी के साथ रोजगार से जोड़ दिया गया ताकि उसके अध्ययन - अध्यापन में कोई अड़चन न आ सके ! यही कारण है कि अंग्रेजी का कद आदमकद होता जा रहा है ! हम इसे हटाने के लाख प्रयास करें तो भी हमारे नन्हे हाथ उस आदमकद को नहीं छू पा रहे हैं ! यदि किसी भाषा को मारना चाहते हैं तो उसे कठिन बताने के साथ उस पर छींटाकसी शुरू कर दी जाए , जिससे उसका प्रयोग कम हो जाए और वह दम तोड़ दे ! हमारी हिंदी के साथ भी ऐसा ही हो रहा है !




# नए भारत के निर्माता मोदी

**लेखक बृजमोहन अग्रवाल**



भारत अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और हम मील के पत्थरों के एक अद्भुत संगम का साक्षी बन रहे हैं। 2025 में, हमारा देश छत्तीसगढ़ के राज्यत्व की रजत जयंती मनाएगा, जो आकांक्षाओं और विकास की एक यात्रा है। साथ ही, हम अपने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन का अभिनन्दन करेंगे। यह हमारे राज्य के लिए एक अनूठा अवसर है, जिसका मार्गदर्शन एक ऐसे नेता द्वारा किया जा रहा है जिनके जीवन और कार्यों ने भारत की क्षमता को पुनर्परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी भारतीय लोकतंत्र की शक्ति के जीवंत प्रमाण हैं। एक चाय बेचने वाले के बेटे से लेकर तीन बार प्रधानमंत्री बनने तक का उनका सफ़र धैर्य और जनसेवा की एक अद्वितीय कहानी है। यह इस गहन सत्य को पुष्ट करता है कि हमारे देश में समर्पण और योग्यता किसी भी परिस्थिति पर विजय प्राप्त कर सकती है। लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करना एक शक्तिशाली जनादेश है, जो उनके विजन में लोगों के अटूट विश्वास का प्रमाण है। यह वह लोकतांत्रिक आदर्श है जिसका वे न केवल प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि उसे सक्रिय रूप से मजबूत भी करते हैं। उनका नेतृत्व भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से उठाए गए साहसिक और निर्णायक कदमों से परिभाषित होता है। दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से, उन्होंने शासन के परिदृश्य को बदल दिया है। जन धन योजना ने लाखों लोगों को वित्तीय मुख्यधारा में लाया, उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएँ से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई, और आयुष्मान भारत योजना ने सबसे कमज़ोर लोगों को स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा प्रदान की है। ये पहल, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देने के साथ, केवल योजनाएँ नहीं हैं; ये एक आत्मनिर्भर और लचीले भारत के स्तंभ हैं। छत्तीसगढ़ इस जनहितैषी शासन का एक महत्वपूर्ण लाभार्थी रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, अनगिनत परिवारों को एक पक्के घर का सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री-किसान योजना ने हमारे किसानों, जो हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। सुदूर गाँवों में बिजली सुनिश्चित करने से लेकर कनेक्टिविटी बढ़ाने वाले आधुनिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण तक, 'मोदी गारंटी' ने हमारे राज्य के लोगों के लिए ठोस प्रगति और उत्थान में योगदान दिया है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के लिए, नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अटूट प्रतिबद्धता अत्यंत परिवर्तनकारी है। दशकों से, यह उग्रवाद हमारे राज्य के लिए एक अभिशाप रहा है, जिसने प्रगति को अवरुद्ध किया है और भय का वातावरण बनाया है, खासकर हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में। विकास को बढ़ावा देते हुए सुरक्षा को मज़बूत करने की मोदी सरकार की दोहरी रणनीति ने एक बड़ा बदलाव लाया है। हमारी सेनाओं को सशक्त बनाकर और साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों, स्कूलों और संचार टावरों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे का निर्माण करके, उनकी सरकार संघर्ष के मूल कारणों का समाधान कर रही है। यह समग्र दृष्टिकोण निराश युवाओं को मुख्यधारा में ला रहा है और हमारे राज्य के सुदूर इलाकों तक शासन का लाभ पहुँचा रहा है। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद की गिरफ़्त से मुक्त कराने से इसकी वास्तविक आर्थिक क्षमता का विकास होगा और स्थायी शांति और समृद्धि के युग का सूत्रपात होगा। अपनी सार्वजनिक सेवा के वर्षों में, मुझे उनके नेतृत्व को प्रत्यक्ष रूप से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उनकी अथक ऊर्जा और 'अंत्योदय' पर अटूट ध्यान - यानी कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सेवा - मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है। बारीकियों पर उनका सूक्ष्म ध्यान और गरीबों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की उनकी गहरी इच्छा निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। वह एक ऐसे नेता हैं जो देश की नब्ज़ समझते हैं और सत्ता के लिए नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों के सशक्तिकरण के लिए काम करते हैं। जैसे-जैसे श्री मोदी अपनी हीरक जयंती और छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती के करीब पहुँच रहे हैं, हम एक रोमांचक मोड़ पर हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में, हमारा राज्य और हमारा राष्ट्र, विकास और समृद्धि की अभूतपूर्व ऊँचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। उनकी विरासत एक ऐसे वास्तुकार की है, जो अथक परिश्रम से एक मज़बूत, अधिक आत्मविश्वासी और गौरवशाली भारत का निर्माण कर रहे हैं, एक ऐसा भारत जो अतीत की बेड़ियों से मुक्त हो और अपने भविष्य को अपनाने के लिए तैयार हो। छत्तीसगढ़ के रायपुर से सांसद हैं। वे रायपुर निर्वाचन क्षेत्र से आठ बार विधायक और अविभाजित मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की स्थापना के बाद से पाँच बार कैबिनेट मंत्री रहे हैं।

## सू-दोकू-170

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.169 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### दंडाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर 14 सितम्बर।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना भोपालपटनम क्षेत्रांतर्गत घटना 04 जुलाई 2025 को ग्राम नीलमड़गू के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से एक नग 303 रायफल, सहित अन्य हत्यार व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। उक्त घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 26 सितम्बर 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकतें हैं।

### शिविर में 136 श्रमवीरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**बीजापुर 14 सितम्बर।** रजत जयंती वर्ष के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के शिविर स्थल नया बाजार में श्रमिकों के हित में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 180 श्रमिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान 136 श्रमवीरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 35 श्रमिकों का नया पंजीयन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। श्रम पदाधिकारी श्री ओम ब्यास नेताम एवं श्रम निरीक्षक श्री सोपान करनेवार की उपस्थिति में शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। वहीं अगला शिविर 19 सितम्बर 2025 को सांस्कृतिक भवन, बीजापुर में आयोजित किया जाएगा।

### जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर में 17 सिंतबर को रक्तदान शिविर

**बीजापुर 14 सितम्बर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को जिला अस्पताल बीजापुर के ब्लड सेंटर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला संघ बीजापुर द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर रक्तदान कर किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने में सहयोग करें। शिविर में सहभागिता करने वाले रक्तदाताओं को न केवल मानवीय संवेदना का संतोष मिलेगा, बल्कि उनका एक छोटा सा योगदान किसी परिवार के लिए बड़ी उम्मीद साबित हो सकता है।

### कलेक्टर ने सूर्यघर योजना के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के लिए तीन विशेष प्रचार वाहन को रवाना किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। ये वाहन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देंगे और सोलर पैनल लगवाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और लोन सुविधा की जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली के मामले में लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और बिजली बिल में बचत करना है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना को बिलासपुर जिले में अच्छी सफलता मिल रही है। बड़ी संख्या में लोग अब तक इस योजना का लाभ ले रहे है। इस अवसर पर सीएसईबी के ईडी अम्बस्ट, एसई एसके जांगड़े सहित जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि योजना के अंतर्गत अपने घर में 1 किलोवॉट का संयत्र लगाने पर 45 हजार, 2 किलोवॉट पर 90 हजार, 3 किलोवॉट पर 1 लाख 8 हजार का कुल अनुदान हितग्राहियों को मिलेगा।

# आदि कर्मयोगी अभियान : क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

## आदि सेवा पर्व 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा,14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के द्वारा सभी ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कलस्टर का आयोजन कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रत्येक ग्राम के जन तक पहुंचाना है। ज्ञात हो कि अभियान के अतंर्गत आदिसेवा पर्व/पखवाड़ा (17 सितंबर से 02 अक्टूबर) जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मनाया जायेगा। शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालय द्वारा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के तहत जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त कर दायित्व सौंपे गए है। इस संबंध में संपूर्ण अभियान की रूपरेखा निर्धारण के संबंध में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में अभियान पर प्रकाश डालते हुए कलेक्टर ने कहा कि जनजातीय गांवों में विजन निर्माण एवं परिवर्तनकारी प्रक्रिया है जो जनजातीय समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने में सक्षम बनाती है। इसमें सामूहिक लक्ष्यों की पहचान करने, स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने और प्रगति के लिए पारंपरिक ज्ञान का लाभ उठाने हेतु सहभागी संवाद को बढ़ावा देना शामिल है। इसके तहत ब्लॉक टीम का गठन, गांव के दौरे के लिए रोस्टर,सामुदायिक लामबंदी के लिए जिले के द्वारा सीएसओ की पहचान, सीएसओ द्वारा प्रवेश बिंदु गतिविधि,ट्रांसेक्ट वॉक की घोषणा, प्रारूप भरना, संसाधन मानचित्रण, विजन निर्माण तथा सीएसओ और ब्लॉक टीम द्वारा गांव की जरूरतों को सारणीबद्ध किये जाने जैसे व्यापक चरण शामिल रहेगें। नागरिक समाज संगठन (सीएसओ) इस प्रक्रिया में सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करके, समुदायों और बाहरी संसाधनों के बीच के अंतरालों को पाटकर और समावेशी नीतियों की हिमायत (एडवोकेसी) करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। क्षमता निर्माण पहलों, जागरूकता सृजन और सहयोगात्मक साझेदारियों के माध्यम से, नागरिक समाज संगठन जनजातीय गाँवों को आत्मनिर्भर, समतामूलक और सांस्कृतिक रूप से निहित विकास योजनाओं की कल्पना करने और उन्हें साकार करने के लिए सशक्त बनाएंगे। गांव के मानचित्रण के तहत आवास,पानी,बिजली जैसे सेवाओं की उपलब्धता, सामुदायिक संस्थान,पहुंच सेवाएं,आजीविका के संसाधन को सम्मिलात किया जायेगा। जल संसाधन के तहत झरने, तालाब, नदी,नाला,कुएं,बावड़ी, बांध, सिंचाई में सुधार की संभावनाएं परिवर्तन को प्रमुखता से इंगित किये जायेगे।

## निशक्त जन वित्त-विकास निगम अध्यक्ष ने किया स्पीच थेरेपी सेंटर का अवलोकन



**रायपुर, 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित वाणी वाचन एवं श्रवण अनुसंधान केंद्र और विशेष दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित विद्यालय का शनिवार को निःशक्त जन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने अवलोकन किया। यह केंद्र रायपुर के सप्रे शाला परिसर स्थित परिषद के मुख्य कार्यालय में संचालित है। कावड़िया ने यहां चल रही स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी, और श्रवण क्षमता की जांच करने वाली बेरा मशीन जैसी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से मुलाकात कर उनकी प्रगति की जानकारी भी ली और परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कावड़िया ने भविष्य में संस्थान को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेट्स यूनिवर्सिटी के कुछ विदेशी छात्र भी स्पीच थेरेपी सेंटर का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने संस्थान में आगे चलकर इंटर्नशिप करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के दौरान लोकेश कावड़िया का सम्मान शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मौके पर परिषद के महासचिव चंद्रेश शाह, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम, कार्यकारिणी सदस्य छगनभाई पटेल, सहित परिषद के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## रजत महोत्सव पर आयोजित शिविर में ग्रामीणों व जवानों ने किया रक्तदान




**जगदलपुर, 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ निर्माण रजत जयंती के अवसर पर आयोजित सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में स्व. बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में क्षेत्र के कई रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया, इसके अतिरिक्त सीआरपीएफ कैम्प सेडवा के जवानों और ग्रामीणों द्वारा भी रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों को रक्तदान के महत्व विषय पर स्थानीय बोली में जानकारी दी गई, और छत्तीसगढ़ निर्माण रजत जयंती पर भी विचार रखा गया। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और आवश्यकता होने पर भविष्य में भी रक्तदान देकर किसी मरीज के जीवन को बचाने हेतु आग्रह किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, एन.एम.ए. और कई स्वास्थ्य अमला ने अहम सहयोग प्रदान किया।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित

## लोकअदालत में 85988 प्रकरणों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 14 सितम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर में तृतीय नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत में त्वरित, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी सहमति से कुल 85 हजार 988 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में कुल 09 खंडपीठ गठित किए गए, जिनमें कांकेर में 05, भानुप्रतापपुर में 02 तथा पखांजूर में 02 खंडपीठ शामिल थे।

कांकेर में गठित खंडपीठों की अध्यक्षता क्रमशः खंडपीठ क्र. 1 में श्री आनंद कुमार ध्रुव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में श्री रमाशंकर प्रसाद, कुटुंब न्यायाधीश क्र. 3 में श्री भास्कर मिश्र, सिविल जज सीनियर डिवीजन/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्र. 4 : श्रीमती अम्बा शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, क्र. 5 में सुश्री सुनीति नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में खंडपीठ क्र. 1 में श्री दीपक के. गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में श्री गुलापन राम यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन। पखांजूर में खंडपीठ क्र. 1 में श्री विजय कुमार मिंज, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,खंडपीठ क्र. 2 में श्री ध्रुवराज ग्वाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी शामिल थे। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी एक खंडपीठ गठित किया गया, जिसमें राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 3,282 लंबित प्रकरणों में से 3,114 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें कुल अवार्ड राशि ?1,77,99,506/- पारित की गई। इसी तरह प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (बैंक वसूली, विद्युत व जलकर, टेलीफोन आदि) के कुल 82,874 मामलों का निपटारा हुआ।

## युक्तियुक्तकरण से सभी विषयों की पढ़ाई में आई तेजी

**कोरबा, 14 सितंबर।** चौदह साल पहले इस गाँव में हाई स्कूल खुला तो यह सिर्फ एक गाँव के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं था। आसपास के अनेक गाँव के विद्यार्थियों के भविष्य को बदलने के साथ ही उन्हें नई दिशा में ले जाने वाला वह जरिया भी था, जिसमे उनके माता पिता की उम्मीद टिकी थी। आज भी इस विद्यालय में दूरदराज गाँव के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और इन विद्यार्थियों के माता-पिता का ख्वाब होता है कि स्कूल में उनके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें, आगे बढ़े और बेहतर भविष्य बनाएं, लेकिन दुर्भाग्य से इस विद्यालय में हिन्दी और अंग्रेजी जैसी महत्वपूर्ण विषयों के व्यख्याताओं की कमी थी। हिन्दी और अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं होने का खामियाजा यहाँ पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को ही उठाना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षको के अन्य विद्यालयों में समायोजन से वनांचल क्षेत्र के दूरस्थ विद्यालय की तस्वीर बदल गई। वर्षों से रिक्त हिन्दी और अंग्रेजी विषय के व्याख्याता इस विद्यालय को मिले तो यहाँ खुशियों के बीच नियमित कक्षाएं भी लगने लगी हैं। कोरबा जिले से लगभग 115 किलोमीटर दूर अन्तिमछोर के गाँव लैंगी में वर्ष 2011 में हाई स्कूल खोला गया था।

## बालोद में नेशनल लोक अदालत में 2582 प्रकरणों का निराकरण

**बालोद 14 सितंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज बालोद जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों मे पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गए है।

प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किए जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किए जाने हेतु प्रेरित किया। इसी तारतम्य मे जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयो में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## यूरिया वितरण में अनियमितता पर विजय ट्रेडिंग कम्पनी का परमिट सस्पेंड, दुकान-गोदाम सील



**अम्बिकापुर, 14 सितम्बर।** किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिले में कृषि विभाग की कड़ी निगरानी जारी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार संचालक कृषि श्री राहुल देव (आई.ए.एस.), संयुक्त संचालक कृषि सरगुजा संभाग श्री यशवंत केराम, कलेक्टर श्री विलास भोस्कर एवं उपसंचालक कृषि अम्बिकापुर श्री पिताम्बर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में जिले के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 40 बोरी से अधिक यूरिया लेने वाले कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। उर्वरक निरीक्षक श्री सोहन लाल भगत एवं अन्य निरीक्षकों द्वारा टॉप 20 खरीदारों के सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अम्बिकापुर स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 सहित उर्वरक मूवमेंट नियंत्रण आदेश 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है।

कृषकों के बयान एवं निरीक्षकों की अनुशंसा के आधार पर उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) श्री पिताम्बर सिंह दीवान ने कम्पनी की खुदरा उर्वरक विक्रय अनुज्ञप्ति क्रमांक क्र/क्र-249 दिनांक 02 मई 2022, वैधता तिथि 31 मार्च 2027 को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया।

## उद्यमों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 14 सितंबर।** जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को पारंपरिक बैंकिंग विकल्पों के अतिरिक्त वैकल्पिक वित्तीय स्रोतों की जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा उद्यमियों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तीय स्रोत, बाज़ार एवं संस्थागत सशक्तिकरण के माध्यम से प्रतिस्पर्धी व सतत विकास की दिशा में बढ़ाने के लिए क्रियान्वित किया जा रहा है। ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के संचालन, बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान की सुविधा पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म एमएसएमई को विलंबित भुगतानों से राहत दिलाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने प्लेटफॉर्म पर सूचीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को होने वाले फायदे की विस्तार से जानकारी दिया।

कार्यशाला में जिले के उद्यमियों, सीए और अन्य हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## दो दिनों के भीतर शिविर में 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन



**जशपुरनगर, 14 सितंबर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 12 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में दो दिनों के भीतर 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया।

जिसमें 12 सितंबर को ग्राम पंचायत गोढ़िकला विकासखण्ड पत्थलगांव में 50 से अधिक श्रमिकों का एवं ग्राम पंचायत कुकुरभुक्का में 30 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। इसी तरह 13 सितंबर को ग्राम पंचायत लोरो में 70 से अधिक श्रमिकों का और ग्राम पंचायत चटकपुर 40 से अधिक श्रमिकों को पंजीयन किया गया। पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 14 सितम्बर को ग्राम पंचायत घटमुण्डा और नारायणपुर, 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत रनपुर और बुढ़ाडॉड़, 16 सितम्बर को ग्राम पंचायत दोकड़ा और बटाईकेला, 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मोडा और हर्राडीपा, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत अम्बाकछार और पण्ड्रीपानी, 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में किया जाएगा।

## मॉडल को छूकर, घुमाकर, प्रयोग कर देख सकेंगे विद्यार्थी

### विज्ञान की जटिल अवधारणाएं सरल और मनोरंजक ढंग से समझेंगे



**रायपुर, 14 सितंबर।** साइंस पार्क बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित किया जा रहा है। धमतरी जिले का गंगरेल क्षेत्र पहले से ही एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है। साइंस पार्क के माध्यम से यहां शिक्षा और पर्यटन का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। इसका उद्देश्य है कि जिले के बच्चे विज्ञान को केवल किताबों में न पढ़ें, बल्कि उसे छूकर, देखकर और प्रयोग करके समझें। यह पार्क न केवल विद्यार्थियों बल्कि आम नागरिकों और पर्यटकों के लिए भी एक प्रेरणादायी स्थल बनेगा। साइंस पार्क से आने वाली पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना विकसित होगी, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

धमतरी जिले के पं. रविशंकर जलाशय परियोजना गंगरेल स्थित बरूवा गार्डन में साइंस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। गंगरेल जलाशय प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में सैलानी और विद्यार्थी भ्रमण के लिए आते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विज्ञान को रोचक और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करने के लिए साइंस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इस पार्क में 28 आउटडोर और 40 इनडोर उपकरण लगाए गए हैं। स्वचालित और इंटरेक्टिव होने के कारण यह न केवल विद्यार्थियों बल्कि आम नागरिकों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।

ओपन-एयर प्रदर्शनी, गुरुत्वाकर्षण, प्रकाश, ध्वनि, ऊर्जा परिवर्तन, लीवर और पुली जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाने वाले मॉडल खुले वातावरण में लगाए गए हैं, जिससे विज्ञान में रूचि लेने वाले बच्चों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र होगा। यहां ऐसे मॉडल हैं जिन्हें छूकर, घुमाकर या प्रयोग करके विद्यार्थी विज्ञान की मूल अवधारणाओं को अनुभव कर सकेंगें। पर्यावरण अनुकूल वातावरण हरियाली से घिरे इस उद्यान में विद्यार्थी खेल-खेल में सीख सकेंगे। यहां प्रसिद्ध वैज्ञानिकों की प्रतिमाएं, कृत्रिम उपग्रह का चलित मॉडल, तरंग गति, कंकाल तंत्र, अनंत पथ, ब्लैक होल का प्रदर्शन, ध्वनि संचरण, मानव नेत्र की कार्यप्रणाली और रंगों का मिश्रण जैसे विषयों पर आधारित मॉडल यहाँ स्थापित किए गए हैं।

यह साइंस पार्क शैक्षणिक भ्रमण और अध्ययन यात्राओं के लिए बेहद उपयोगी होगा। यहां विज्ञान की जटिल अवधारणाएं सरल और मनोरंजक ढंग से समझ में आएंगी। इससे छात्रों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह पार्क धमतरी जिले के पर्यटन को भी नई पहचान देगा। बरूवा गार्डन स्थित साइंस पार्क धमतरी जिले के लिए ज्ञान, मनोरंजन और पर्यटन का केंद्र बनने जा रहा है। कलेक्टर धमतरी ने बताया कि विज्ञान को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करने की यह पहल न केवल बच्चों को प्रेरित करेगी, बल्कि जिले को शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी। आने वाले समय में यह पार्क धमतरी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र साबित होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 हजार 260 प्रकरणों की हुई सुनवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 14 सितम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को दंतेवाड़ा जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता ने दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, वादकारी तथा न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन केवल दंतेवाड़ा ही नहीं बल्कि पड़ोसी जिलों सुकमा और बीजापुर में भी एक साथ किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुकमा एवं बीजापुर के व्यवहार न्यायालयों में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बचेली न्यायालय में भी आज लोक अदालत की कार्यवाही प्रारंभ हुई। तीनों जिलों में एक साथ लोक अदालत होने से बड़ी संख्या में प्रकरणों का निपटारा होने की संभावना जताई जा रही है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री होता के निर्देश पर लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठों का गठन किया गया है। इसमें दंतेवाड़ा स्थित परिवार न्यायालय का नया खंडपीठ भी शामिल है। लोक अदालत में सभी न्यायालयों के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ बैंक, बिजली, नल-जल, बीएसएनएल तथा राजस्व न्यायालयों से जुड़े प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी रखे गए हैं। आयोजन में कुल 8260 मामलों को निराकरण हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि बड़ी संख्या में वादों का आपसी सहमति से निपटारा होगा।

## एक नजर

### लोक अदालत में 681568 मामलों का निपटारा 93 करोड़ से अधिक राशि का हुआ सेटलमेंट

**रायगढ़, 14 सितम्बर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायाधीशगण सहित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्तागण, बैंक एवं विद्युत सहित अन्य विभागों के उपस्थित अधिकारीगण तथा राजीनामा के लिए उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए, जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं तहसील सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ के न्यायालयों में तथा परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 27 खण्डपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। खण्डपीठों में 7719 लंबित प्रकरण एवं 693909 प्रीलिटिगेशन प्रकरण अर्थात कुल 701628 प्रकरण को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया।

### बाल अपराधियों की चौकीदारी भी करेंगे बाल संरक्षण अधिकारी व कर्मचारी, डीपीओ का आदेश

**कोरबा 14 सितंबर ।** बाल संप्रेषण गृह से अपचारी बालकों के भागने की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अब यहां विभागीय कर्मचारी भी ड्यूटी करेंगे।जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियोंदृकर्मचारियों की ड्यूटी बाल संप्रेक्षण गृह में लगा दी गई है। इस आदेश को लेकर कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि अब उन्हें बाबूगिरी के साथ चैकीदारी भी करनी पड़ेगी ?कोरबा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रमुख दयादास महंत के अलावा रवि सिंह, संदीप बिसेन और राजीव राज के अधीन ड्यूटी बाल संप्रेक्षण गृह में लगाई गई है। जिला बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के लिए भर्ती किए गए इन अधिकारियों की देखरेख में विभागीय कुल 8 कर्मचारी साप्ताहिक अवकाश दिवस शनिवार और रविवार को रोस्टर अनुसार संप्रेक्षण गृह में रात 8 से सुबह 5 बजे तक रहेंगे और बालकों की देखरेख, निगरानी और व्यवस्थापन करेंगे। अवकाश के दिनों में रात्रिकालीन अर्थात रात्रि जागरण कर बच्चों की निगरानी करेंगे।

### विश्व ओजोन दिवस और सेवा पर्व पर अदाणी पावर लिमिटेड में 16 सिंतबर से जागरूकता अभियान

**कोरबा 14 सितंबर ।** जिले के बरपाली तहसील में स्थित अदाणी कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल),पताड़ी में विश्व ओजोन दिवस और सेवा पर्व के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केपीएल संयंत्र के पर्यावरण विभाग द्वारा 16 से 20 सितंबर तक आयोजित किए जाने वाले इस अभियान में इस वर्ष की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई की ओर है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित है तथा सेवा पर्व की भावना के अनुरूप है।केपीएल के इस अभियान के दौरान कर्मचारियों, स्थानीय विद्यालयों एवं समुदायों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें नुक्कड़ नाटक एवं जन जागरूकता रैली, कपड़े के थैलों का वितरण एवं वृक्षारोपण, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, ठेका कर्मचारियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, स्कूल के छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता सहित केपीएल कॉलोनी निवासियों के लिए श्वेस्ट से बेस्टश् प्रतियोगिता इत्यादि को शामिल किया गया है। केपीएल प्रबंधन ने संयंत्र के सभी संबंधित लोगों से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को बल मिल सके। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अदाणी समूह, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के छह जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम चला रहा है। जिनमें सरगुजा जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर ब्लॉक में पर्यावरण संरक्षण के तहत 1200 एकड़ से अधिक भूमि पर 15.68 लाख से अधिक पेड़ों का एक घना जंगल तैयार किया गया है।

### छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक में नए ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**कोरबा 14 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कटघोरा की बैठक पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई और प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में जाने के लिए डायरेक्टरी सम्मेलन विषय पर चर्चा की गई।

बैठक में संभाग अध्यक्ष राहुल डिक्सेना, जिला संरक्षक हितेश अग्रवाल, कृष्ण गोपाल मित्तल, जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना, जिला सचिव शारदा पाल, जिला सह सचिव रामचरण साहू और जिला प्रवक्ता आलोक पांडे ने भाग लिया।

### वन परिक्षेत्र छाल में तत्परता व साहस का परिचय देकर

# वनमंडल धरमजयगढ़ के हाथी मित्रदल ने युवक की जान बचाई



**रायगढ़, 14 सितम्बर।** वनमंडल धरमजयगढ़ के अंतर्गत वन परिक्षेत्र छाल में तैनात हाथी मित्रदल एवं वनकर्मियों ने अपनी तत्परता और साहस का परिचय देते हुए एक ग्रामीण युवक की जान बचा ली, जो जंगली हाथियों के दल से आमने-सामने हो गया था।

वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितम्बर की रात्रि हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी, छाल परिक्षेत्र अंतर्गत एडूकला गांव की ओर से लोटान होकर जंगली हाथियों की गतितिविधियों की सूचना देते हुये गश्ती करते आ रहे थे। देउरमार आने के बाद उन्हे सूचना मिली कि घरघोड़ा परिक्षेत्र की ओर से 48 हाथी देउरमार में प्रवेश कर रहा है। तत्काल हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी देउरमार पहुंचे, जहां पर उन्होंने देखा कि ग्राम देउरमार के ग्रामीणों के भीड़ द्वारा उक्त जंगली हाथियों को लगातार शोरगुल मचाकर कर जंगल की ओर आगे भगाने का प्रयास कर रहे थे। तभी गश्ती दल द्वारा मौके पर पहुंच कर आवाज देकर ग्रामवासियों को समझाया जा रहा था कि आप लोग अपने-अपने घर चले जायें। चूंकि इस प्रकार से शोरगुल करने पर हाथी उग्र हो जाते है। तभी अचानक हाथियों के दल में से 01 नग नर हाथी अत्यधिक उग्र होकर वापस मुड़कर ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा, जिसे ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। इसी भाग-दौड़ में श्री पवन कुमार राठिया पिता श्री पिलीराम राठिया, उम्र 21 वर्ष, निवासी देउरमार जमीन पर गिर पड़ा और हाथी उनके समीप ही पहुंच गया था। तब हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी, पूरी तत्परता से हाथी मित्रदल वाहन से हाथी के पीछे-पीछे मौका स्थल की ओर वाहन का हूटर बजाते हुये गये। जिससे जंगली हाथी जमीन पर गिर हुये व्यक्ति को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। हाथी के जंगल की ओर जाने के बाद उक्त युवक को शासकीय वाहन से आवश्यक ईलाज हेतु चिकित्सालय पी.एच.सी.छाल में वन परिक्षेत्राधिकारी छाल, हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी द्वारा रात्रि के लगभग 1.00 बजे लाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद आवश्यक जांच हेतु श्री पवन कुमार राठिया को 13 सितम्बर को प्रात- चिकित्सालय खरसिया रिफर कर दिया गया।

इस प्रकार हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी की तत्परता से ही उक्त व्यक्ति की जान बचाई गई। हाथी मित्रदल, वनकर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को लगातार वन्यप्राणी जंगली हाथियों के समीप न जाने, उसे न भगाने की लगातार समझाईस दी जा रही है एवं वन्यप्राणी जंगली हाथियों के प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है।

### युवक पर चाकू से जान लेवा हमला आरोपियों पर अपराध दर्ज

**कोरबा 14 सितंबर ।** एक युवक को चाकू की नोंक पर धमका कर अपने साथ ले जाकर बर्बरता को अंजाम दिया गया। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।जानकारी के अनुसार प्रार्थी चिन्नाराव पिता बाबूराव उम्र 31 साल शिवाजी नगर आई-15 थाना सिविल लाईन रामपुर कोरबा का निवासी है। वह कुल तीन भाई है जिसमें छोटा भाई कोण्डाराव 27 साल प्रायवेट काम करता है। 11 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे छोटा भाई घर में था और चिन्ना राव अपने काम के लिए चांपा चला गया। ड्यूटी के बाद रात 9 बजे में वापस घर आया। रात 9.30 बजे उसके भांजा एशवा ने फोन कर बताया कि गौतम ने कोण्डाराज मामा को फोन कर घण्टा घर पुराने विवाद में समझौता करने के लिए बुलाया है। तब चिन्ना तुरंत अपने भाई कोण्डाराज को फोन किया।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:सस्ती नहीं अब मुफ्त बिजली की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

### कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव जाकर नागरिकों को मिलेगी योजना की जानकारी



**रायगढ़, 14 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभ आमजन तक पहुँचाने और व्यापक जन-जागरूकता के लिए आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से प्रचार रथ को कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों का भ्रमण कर नागरिकों को योजना की विस्तृत जानकारी देगा तथा उन्हें इससे होने वाले आर्थिक व सामाजिक लाभों से अवगत कराएगा।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उपभोक्ता अपने मकान की छत पर सौर पैनल स्थापित कर न केवल घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है, जिससे यह योजना आमजन के लिए सरल, किफायती और लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री गुंजन शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री रामकुमार राव, श्री नरेंद्र नायक सहित बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 30 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 15 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 240 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 60 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। 3 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 360 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। शेष राशि उपभोक्ता स्वयं वहन करेंगे, जिसे बैंक ऋण सुविधा के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल सामुदायिक मध्यस्थता से ग्राम स्तर पर ही सुलझेंगे आपसी विवाद

**रायगढ़, 14 सितम्बर ।** ग्राम स्तर पर उत्पन्न होने वाले छोटे-छोटे विवाद, जो प्राय- न्यायालय और थाने तक पहुँच जाते हैं, अब गाँव में ही आपसी सुलह-सहमति से सुलझाए जा सकेंगे। इस दिशा में जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल करते हुए सामुदायिक मध्यस्थता को बढ़ावा देने की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत पटवारी, सरपंच, सचिव और कोटवारों को मध्यस्थता के कानूनी प्रावधानों और व्यावहारिक पहलुओं का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में दो पालियों में सम्पन्न हुआ। पहली पाली में धरमजयगढ़, लैलूंगा व तमनार विकासखंड और दूसरी पाली में रायगढ़, पुसौर, खरसिया व घरघोड़ा ब्लॉक के पटवारियों, सरपंचों, पंचायत सचिवों और कोटवारों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय बिलासपुर की मध्यस्थ अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा, एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम रायगढ़ श्री महेश शर्मा, एसडीएम लैलूंगा श्री भरत कौशिक, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री प्रवीण भगत, डीएसपी साईबर श्री अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी ट्रेफिक श्री उत्तम प्रताप सिंह, जनपद पंचायतों के सीईओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदार, सीजीआईएएम के अधिवक्ता रूपक विजय पांडे, जैद खान और विवेकानन्द मौजूद रहे।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि इस पहल से गाँव स्तर पर आपसी भाईचारा और सद्भाव और बेहतर होगा। समय और धन की बचत होगी। विवाद न्यायालय और थाने तक पहुँचने से पहले ही हल हो जाएँगे। ग्राम पंचायतें विवाद रहित पंचायत के रूप में स्थापित होंगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आप लोगों के पास पहले से ही समाज का विश्वास और अधिकार है। अब यह पहल आपको एक औपचारिक जिम्मेदारी भी दे रही है। गाँवों में आपसी विवाद यदि स्थानीय स्तर पर ही सुलझ जाएँ तो न्यायालय और पुलिस दोनों पर बोझ घटेगा।

# युक्तियुक्तकरण से सभी विषयों की पढ़ाई में आई तेजी



**रायपुर, 14 सितम्बर ।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया ने दूरस्थ अंचलों के विद्यालयों की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के अति दूरस्थ ग्राम लैंगी के हाई स्कूल को वर्षों बाद हिन्दी और अंग्रेजी विषय के व्याख्याता प्राप्त हुए हैं। इससे विद्यार्थियों में नया उत्साह है तथा अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।वर्ष 2011 में स्थापित लैंगी हाई स्कूल केवल एक गाँव ही नहीं बल्कि आसपास के अनेक ग्रामों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का केंद्र रहा है। अमझर, पोड़ी कला, दुल्लापुर, तराई नार, पिपरिया, इमली बरहा, कोड़गार सहित कई गाँवों से बच्चे यहां पढ़ाई करने आते हैं। वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 9वीं और 10वीं के कुल 46 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री श्यामलाल अश्विनी बताते हैं कि स्थापना से अब तक हिन्दी और अंग्रेजी विषय के व्याख्याता उपलब्ध नहीं थे, जिसके कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती थी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से इस कमी की पूर्ति हो गई है। विद्यालय को हिन्दी विषय के व्याख्याता श्री दिनेश कुमार यादव एवं अंग्रेजी विषय के व्याख्याता श्री विनोद कुमार साहू उपलब्ध कराए गए हैं। दोनों ही शिक्षक नियमित रूप से कक्षाएं लेकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।विद्यालय के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में इस बदलाव को लेकर खुशी है। कक्षा 10वीं की छात्राओं समीना, कल्याणी और सोनी मार्को का कहना है कि पहले हिन्दी और अंग्रेजी के शिक्षक न होने से पढ़ाई में कठिनाई आती थी, परंतु अब नियमित कक्षाएं हो रही हैं। कक्षा 9वीं के विद्यार्थी दीपक का कहना है कि अब गणित, विज्ञान सहित सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे पढ़ाई में गति आई है। शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल अध्यापन व्यवस्था सुचारु हुई है, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं में भी आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ा है। ग्रामीणों का मानना है कि यह पहल उनके बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करेगी।

### सफाईकर्मी ने की आत्महत्या दो भाई गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 14 सितम्बर ।** जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में नगर पंचायत नरियरा के एक सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों, लक्ष्मण निर्मलकर और रवि निर्मलकर, को हिरासत में लिया है। मृतक, जिसका नाम धन्नू यादव था, ने 12 सितंबर को एक पेड़ पर लटककर अपनी जान दे दी थी।पुलिस के मुताबिक, धन्नू यादव ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें उसने दोनों भाइयों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। वीडियो में उसने बताया कि आरोपी उससे 50,000 की मांग कर रहे थे और पैसे न देने पर उसे बलात्कार के झूठे केस में फंसाने और नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहे थे। इन धमकियों से परेशान होकर धन्नू ने यह कदम उठाया।

# नवरात्रि-दीपावली से पहले धमतरी की जर्जर सड़कों के लिए मिले विशेष फंड

**धमतरी, 14 सितम्बर ।** नगर निगम क्षेत्र की जर्जर सड़कों की स्थिति को देखते हुए जन जागरण सेवा समिति छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मितेश जैन ने शासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि आगामी नवरात्रि और दीपावली पर्व से पहले सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु विशेष बजट जारी किया जाए।उन्होंने बताया कि वर्तमान में धमतरी निगम क्षेत्र की सभी डामर सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और धूल के कारण नागरिकों की आंखों व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जैन ने उदाहरण देते हुए कहा कि भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव और रायपुर निगम क्षेत्र को हर वर्ष सड़कों के लिए बजट प्रदान किया जाता है, उसी तरह धमतरी को भी समान अधिकार और सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि यदि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है तो आवागमन के साधनों की व्यवस्था भी प्राथमिकता पर होनी चाहिए, तभी जिले को वास्तव में स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकेगा। वर्तमान में कई सड़कों की देखरेख की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है, लेकिन वे भी निगम क्षेत्र में आकर पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। समिति ने मांग की है कि बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और व्यापारियों को हो रही परेशानी को देखते हुए सरकार और जनप्रतिनिधि इस विषय को गंभीरता से लें और शीघ्र आवश्यक कदम उठाएं।

# अपनी जान की परवाह किए बिना काम करती हैं नर्सेस:स्वास्थ्य मंत्री



**रायपुर, 14 सितंबर ।** श्री सत्य साईं अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजनश्री सत्य साईं अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजनराज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ा सकती है, व्यवस्था बना सकती है लेकिन इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डॉक्टर्स और नर्सेस को अपने भीतर सेवा भाव खुद उत्पन्न करना होगा। ये बातें आज स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहीं। श्री जायसवाल आज श्री सत्य साईं अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक नर्सिंग छात्र की यात्रा असीम ज्ञान और विकास की यात्रा होती है, जो उन्हें निस्वार्थ सेवा के भविष्य के लिए तैयार करती है। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है; यह करुणा, लचीलेपन और अटूट समर्पण का आह्वान है।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर कहा कि श्री सत्य साईं अस्पताल आज विश्व स्तर पर सेवा करने का काम कर रहा है और इससे छत्तीसगढ़ का नाम भी रोशन हो रहा है। उन्होंने नर्सेस को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि नर्सेस अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा करती हैं और हम सभी ने कोविड 19 महामारी में इसका सर्वोच्च उदाहरण देखा है। श्री जायसवाल ने इस मौके पर ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित किए द्विवार्षिक स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के सोवेनियर का विमोचन किया। श्रीसत्य साईं अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजनस्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मौके पर श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में निःशुल्क दिल का ऑपरेशन करने के बाद स्वस्थ हो चुके 4 बच्चों को नवजीवन का उपहार देकर उनके घर रवाना किया। इस कार्यक्रम में श्री सत्य साईं हॉस्पिटल रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन सी श्रीनिवासन, आयुष यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के कुलपति डॉ.पी के पात्रा , टीएनएआई की पदाधिकारी और नर्सिंग की छात्राएं उपस्थित थीं।

# शिविर में 254 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**महासमुंद, 14 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर आज औद्योगिक विकास केंद्र बिरकोनी जिला महासमुंद में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष श्री जितेंद्र चंद्राकर, जिला श्रम अधिकारी श्री डी.एन. पात्र एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर दुर्गाशंकर चंद्राकर (स्व्क्र), लेब टेक्नीशियन श्री पवन साहू, फार्मासिस्ट श्रीमती विमला, पीएचसी बिरकोनी से डॉ. शशि शर्मा सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया एवं अन्य रोगों की जांच कर दवाइयाँ वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 254 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 60 श्रमिकों को ब्लड प्रेशर, 22 को ऑक्सीजन स्तर, 35 को जांच तथा 20 श्रमिकों को नेत्र संबंधी जांच की सुविधा दी गई।श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है।

# चरित्र शंका पर पड़ोसी ने नाबालिग के साथ मिलकर किया था नरसंहार



**रायगढ़, 14 सितम्बर ।** पांच दिन पूर्व चरित्र शंका पर पति-पत्नी व उसके दो बच्चों को कुल्हाडी से संघातिक हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारने के बाद योजनाबद्ध तरीके से चारों के शव को मृतक के ही बाड़ी में दफनाने के सनसनी खेज मामले का रायगढ़ पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए इस नरसंहार को अंजाम देने वाले मृतक के पड़ोसी व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्याकांड को अंजाम देने में प्रयुक्त औंजारों को भी जब्त किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विगत 11 सितंबर को खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम ठुसेकेला राजीव नगर के ग्रामीणों ने खरसिया पुलिस को सूचना दी थी कि बुधराम उरांव का घर अंदर से बंद है और भीतर खून के धब्बे दिख रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग पटेल, एएसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी प्रभात पटेल समेत खरसिया, छाल, कोतरारोड़, पूंजीपथरा, जोबी पुलिस, एफएसएल, फिंगरप्रिंट, डॉग स्क्वाड और बीडीएस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जांच में बुधराम उरांव (42), उसकी पत्नी सहोद्रा (37) और दोनों बच्चों अरविंद (12) और शिवांगी (5) के शव बाड़ी में खाद के गड्ढे से बरामद हुए। धारदार हथियार से हत्या किए जाने की पुष्टि पर थाना खरसिया (चौकी खरसिया) में धारा 103(1),238 बीएनएस कायम किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंज आईजी डॉ0 संजीव शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने खरसिया में कैंप कर मामले की मॉनिटरिंग की और अलग-अलग थानों के प्रभारी और स्टाफ की विशेष टीमें बनाकर जांच तेज की। इसी दौरान जांच टीम को पड़ोसी लकेश्वर पटैल पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने पर पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि राजमिस्त्री का काम करता है, उसका पडोसी बुधराम उराँव भी राजमिस्त्री का काम करता है जो अपने परिवार के साथ रहता था। दोनो के बीच पिछले कुछ समय से कई कारणों से झगड़ा विवाद हुआ था। आरोपी ने बताया कि वह पड़ोसी बुधराम के बाडी जमीन को खरीदना चाहता था जिसे कई बार बुधराम से मांगा, बुधराम ने जमीन बेचने से इंकार किया था, करीब 6 माह पूर्व लकेश्वर के लडक़े ने बुधराम के घर में घुसकर चोरी किया था जिसे आपस मे सुलझा लिये थे। लकेश्वर पटैल उसके पडोसी बुधराम के चरित्र पर शंका करता था, इन सभी बातों को लेकर लकेश्वर पटैल बुधराम से रंजिश रखे हुआ था और बुधराम की हत्या की योजना बनाकर मौके की ताक में था। इसने घटना के पूर्व बुधराम और उसकी पत्नी की गैर मौजूदगी में उसके घर की रैकी की थी। खूब नशे में देखा था, उसी रात प्लान के मुताबिक आरोपित लकेश्वर और नाबालिग, बुधराम के घर घुसे और सोये बुधराम और उसकी पत्नी, बच्चों की हथियार से हमले कर हत्या कर दिये फिर शवों को घर के दूसरे कमरे में जमीन खोद कर दफनाना चाहे पर जमीन सख्त होने से गढ्ढा नहीं कर पाये और फिर शवों को घसीटते हुए बाड़ी की ओर ले जाकर खाद में गढ्ढा कर दफन करने का प्रयास किये। पुलिस ने घटनास्थल ले जाकर आरोपियों से पूरी घटना का री-क्रिएशन कराया गया। आरोपियों के मेमोरेंडम पर टंगिया, रॉड, गैंती, फावड़ा, कपड़े आदि महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जप्ती कर दोनों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।टीम में ये रहे शामिल-रेंज आईजी डॉ0 संजीव शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर इस खुलासे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पी.एस. भगत के मार्गदर्शन पर घटना की सूचना के 48 घंटे में संदेहियों को पकडक़र खुलासा करने में थाना प्रभारी खरसिया राजेश जांगड़े, चौकी प्रभारी खरसिया अमित तिवारी, थाना प्रभारी छाल त्रिनाथ त्रिपाठी, थाना प्रभारी पूंजीपथरा राकेश मिश्रा, थाना प्रभारी कोतरारोड मोहन भारद्वाज, थाना प्रभारी भूपदेवपुर संजय नाग, चौकी प्रभारी जोबी लक्ष्मी नारायण राठौर के साथ बीडीएस, डॉग स्क्वॉड, एफएसएल, फिंगरप्रिंट और विशेष टीम के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार पटेल, राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेनू मंडावी, प्रशांत पण्डा, महेश पण्डा, पुष्पेंद्र जाटवर, विकास प्रधान, प्रताप बेहरा, रविन्द्र गुप्ता अहम भूमिका रही।

**एक नजर**

## हरमनप्रीत कौर ने ओडीआई में छुआ खास मुकाम



**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत दौरे पर है और ODI सीरीज खेल रही है, जिसका 14 सितंबर से आगाज हो चुका है। 3 मैचों की ODI सीरीज का पहला मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेन्द्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इसके साथ ही उन्होंने ODI क्रिकेट में खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। दरअसल, हरमनप्रीत कौर ने ODI क्रिकेट में अपने 150 मैच पूरे कर लिए हैं। इस तरह वह ODI में 150 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई है। हरमनप्रीत से पहले मिताली राज और झूलन गोस्वामी ने 150 या उससे ज्यादा ODI मैच खेलने का कारनामा किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि मिताली राज और झूलन गोस्वामी दोनों ही ODI में 200 से ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं। भारतीय कप्तान के 150 पूरे होने पर ODI ने सोशल मीडिया पर खास वीडियो शेयर किया। इस खास उपलब्धि पर भारतीय कप्तान ने कहा कि यह उनके लिए शानदार रहा है और उम्मीद करती हैं कि कई और सालों तक इसे जारी रखेंगी।

# क्या पिच बिगाड़ेगी टीम इंडिया का खेल आज एशिया कप में होगी पाकिस्तान से भिड़ंत

## 13 साल में पाकिस्तान से सिर्फ 2 मैच हारा है भारत

**दुबई, 14 सितंबर।** आज एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान महामुकाबला होना है। दोनों टीमों ने अपने पहले मैच में जीत हासिल की है। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम का सुपर-4 के लिए क्वालिफाई करना भी लगभग पक्का हो जाएगा। बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। फॉर्म के लिहाज से भी पाकिस्तान की टीम भारत के सामने कहीं नहीं टिकती है। तो क्या मैच से पहले यह मान लिया जाए कि जीत भारत की होगी? ऐसा नहीं है। एक फैक्टर ऐसा है, जो पाकिस्तान को मुकाबले में ला सकता है। यह फैक्टर दुबई की पिच है। इस पिच में ऐसी क्या बात है और यह क्यों गेम चेंजर साबित हो सकती है, यह आगे जानेंगे। सबसे पहले देखिए टी-20 फॉर्मेट में अब तक हुए भारत-पाकिस्तान मुकाबले का निचोड़ क्या रहा है।




इन दोनों टीमों के बीच आखिरी भिड़ंत अमेरिका में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में हुई थी। तब भारतीय टीम सिर्फ 119 रन बनाने के बावजूद 6 रन से मैच जीत गई थी। इस वर्ल्ड कप के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों ने रिटायरमेंट ले लिया। इसके बावजूद भारतीय टीम का प्रदर्शन और भी बेहतर हो गया। टीम ने तब से अब तक अपने 86त्न टी-20 मैच जीते।

दूसरी ओर पाकिस्तान ने प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद टीम का स्तर लगातार गिरता गया। पाकिस्तान पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से सिर्फ 50त्न मैच जीत पाया है। वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमों के प्रदर्शन में कितना बड़ा अंतर पैदा हुआ है यह आप अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं।

दुबई क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक 95 टी-20 इंटरनेशल मैच खेले जा चुके हैं। इसमें 46 में पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती है। 48 में टारगेट चेज करने वाली टीम जीती है। 1 मुकाबला टाई रहा है।

इस रिकॉर्ड में ऐसी कोई खास बात नजर नहीं आ रही, जिससे भारतीय टीम को टेंशन में आना चाहिए। लेकिन, दुबई के रिकॉर्ड का और बारीक विश्लेषण करने पर नजारा बदल जाता है।

2020 से लेकर अबतक के करीब पांच सालों में यहां टेस्ट प्लेइंग कंट्रीज के बीच जितने भी टी-20 मैच हुए हैं उसमें टारगेट चेज करने वाली टीम बहुत ज्यादा फायदे में रही है।

इस टाइम पीरियड में यहां 18 ऐसे मुकाबले हुए हैं जिसमें दोनों टीमें टेस्ट प्लेइंग कंट्री रही है। इन 18 मैचों में 16 टारगेट चेज करने वाली टीम जीती है। सिर्फ 2 मुकाबलों में पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती है।

यानी आज के मुकाबले में अगर भारत को पहले बैटिंग करनी पड़ जाए तो पाकिस्तान टक्कर दे सकता है। हाल के वर्षों में ऐसा दो बार हो भी चुका है। पहली बार 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में और दूसरी बार 2022 टी-20 एशिया कप में। पिछले 13 सालों में यही दो टी-20 मुकाबले ऐसे रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान की टीम भारत को हरा पाई है। दोनों मुकाबलों का संक्षिप्त स्कोर कार्ड देखिए।

दुबई में पहली पारी का औसत स्कोर 145 रन ही है। दूसरी पारी में ओस को देखते हुए यह टारगेट आसानी से चेज भी हो जाता है। यहां पहले बैटिंग करते हुए जीतने वाली टीमों का औसत स्कोर 162 रन है। हालांकि, पिछले 10 साल में यह स्कोर बढ़कर 165 पर पहुंच गया। यानी पहले बैटिंग करते हुए जीत की उम्मीद रखनी है तो 165 से ज्यादा रन बनाने ही होंगे।

**भारत-** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान:** सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), सलमान आगा (कप्तान), फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, अबरार अहमद और सुफियान मुकीम।

## पाकिस्तानी कोच हेसन ने नवाज को वर्ल्ड का बेस्ट स्पिनर बताया

### भारतीय कोच का तंज- अपने खिलाड़ी को जहां चाहें, वहां रैंक करें




**दुबई, 14 सितंबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में आज होने वाले मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान के हेड कोच माइक हेसन ने बड़ा बयान दिया। हेसन ने अपनी टीम के स्पिनर मोहम्मद नवाज को दुनिया का बेस्ट स्पिनर करार दे दिया। हालांकि नवाज इस समय टी-20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में 30वें स्थान पर हैं।

अब इस पर भारत के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे का रिएक्शन आया है। डेशकाटे ने हेसन पर तंज कसते हुए कहा, हर किसी को अपने खिलाड़ियों को जहां चाहे रैंक करने का अधिकार है।

11 सितंबर को माइक हेसन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है हमारी टीम की खूबसूरती यह है कि हमारे पास पांच स्पिनर हैं। हमारे पास मोहम्मद नवाज हैं, जो इस समय दुनिया के बेस्ट स्पिन बॉलर हैं, और पिछले छह महीनों से टीम में वापसी के बाद वह इसी तरह रैंक किए गए हैं।

13 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे से भी हेसन के इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं। अगर कुछ है तो मुझे नहीं लगता कि विकेट ने उतना ग्रिप किया है जितना हमने सोचा था, और निश्चित रूप से उतना नहीं जितना इस साल की शुरुआत में किया था। लेकिन टी-20 क्रिकेट में स्पिन बहुत अहम हो गया है और दोनों टीमों के पास अच्छे स्पिनर हैं।

उन्होंने आगे कहा, हमें पता है कि वरुण, अक्षर और कुलदीप के बारे में हम कैसा महसूस करते हैं, इसलिए हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है और वे अपने खिलाड़ियों को जहां चाहें वहां रैंक कर सकते हैं।

# सात्विक-चिराग का सपना टूटा

## हांगकांग ओपन के फाइनल में चीन की जोड़ी से मिली हार

**हांगकांग, 14 सितंबर।** भारत की शीर्ष मेन्स डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का हांगकांग ओपन सुपर 500 का खिताब जीतने का सपना टूट गया है। 14 सितंबर को खेले गए फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से कड़े संघर्ष के बाद हार का सामना करना पड़ा।



वर्ल्ड नंबर-9 भारतीय जोड़ी ने शुरुआती गेम जीतकर बढ़त बनाई थी, लेकिन इसके बाद 21-19, 14-21, 17-21 से हार गई। यह रोमांचक फाइनल 61 मिनट तक चला। सात्विक और चिराग 16 महीनों में पहली बार फाइनल पहुंचे थे। पिछली बार उन्होंने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। हालांकि, इस हार के साथ उनकी सुपर 500 फाइनल में 100त्न जीत का रिकॉर्ड भी टूट गया। अब तक उन्होंने अपने खेले गए चारों सुपर 500 फाइनल जीते थे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इस सीजन 6 सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई थी।फाइनल से पहले उनका लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 3-6 था। पेरिस वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने इस चीनी जोड़ी को हराया भी था, लेकिन इस बार बढ़त बरकरार नहीं रख सके।

पहला गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें चिराग के ताबड़तोड़ स्मैश और सात्विक की धारदार सर्विस ने भारत को 21-19 से बढ़त दिलाई। लेकिन दूसरा गेम पूरी तरह चीनी खिलाड़ियों के नाम रहा, जिन्होंने आक्रामक खेल से 21-14 से जीत हासिल की। निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी शुरुआत में ही 2-11 से पिछड़ गई। हालांकि अंत में उन्होंने तीन मैच प्वॉइंट बचाए और स्कोर 17-20 तक पहुंचाया, लेकिन वापसी नहीं कर पाए और मुकाबला गंवा बैठे। फाइनल में हार के बावजूद भारतीय फैंस की उम्मीदें अभी बाकी हैं। टूर्नामेंट में बाद में भारत के लक्ष्य सेन मेन्स सिंगल्स खिताब के लिए चीन के ली शी फेंग से भिड़ेंगे।

# भारत को शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करने का लक्ष्य : मंडाविया

**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि वर्तमान सरकार का दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत को दुनिया के शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करना है।

हमने प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए विज़न के अनुसार एक 10 साल का और 25 साल का योजना तैयार की है। हमारा लक्ष्य भारत को एक विकसित देश बनाना है और भारत को दुनिया के शीर्ष 10 खेल देशों में शामिल करना है। इन योजनाओं को जल्द लागू किया जाएगा, और इसके लिए जरूरी नीतिगत बदलाव भी किए जाएंगे।

आने वाले समय में, हम पहले से ही महसूस कर सकते हैं कि भारतीय खेल क्षेत्र में बदलाव हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारतीय ध्वज हर मंच पर गर्व से



लहराए। हमें खेल को एक कदम और आगे बढ़ाना होगा इसे एक सार्वजनिक आंदोलन बनाना होगा, एक सामूहिक मिशन, जहां हर नागरिक इससे जुड़ा महसूस करे और भारत की खेल सफलता में योगदान दे, मांडविया ने 2025 के PlayCom – Business of Sports Summit में अपने संबोधन में कहा।

उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ियों को भारत में विभिन्न खेल लीग्स में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए और प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए हमें एक मजबूत कामकाजी संस्कृति बनानी होगी, प्रतिभाओं की जल्दी पहचान करनी होगी, और उन्हें व्यवस्थित तरीके से बढ़ावा देना होगा। हमारे प्रसिद्ध एथलीट इस प्रयास का केंद्र होने चाहिए, और हमें और अधिक अवसर पैदा करने होंगे ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी भारत में प्रतिस्पर्धा कर सकें और आगे बढ़ सकें।

मांडविया ने 11 जून, 2024 को युवा मामलों और खेल मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था और इस दौरान उन्होंने जो सुधार किए, उनका जिक्र किया। इनमें राष्ट्रीय खेल शासक विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग (संशोधन ) विधेयक का ऐतिहासिक रूप से पारित होना शामिल है।

देश में बेहतर खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और खेल में अधिक रुचि पैदा करने के लिए हमें सुधार और सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता है। हमने पहले ही Fit India और Khelo India जैसी योजनाओं की शुरुआत की है, साथ ही TOPS जैसी योजनाएं भी शुरू की हैं, और उच्च प्रदर्शन करने वाले एथलीटों के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के साथ सुविधाएं प्रदान की हैं।

हमने एक दृष्टिकोण दस्तावेज़ तैयार किया है और एक खेल नीति बनाई है। हम सबसे अच्छा मॉडल चाहते हैं, लेकिन वह हमारा अपना मॉडल होना चाहिए।

## व्यापार

# 22 को नया जीएसटी लागू होने के बाद सस्ती हो जाएंगी दवाएं

### एनपीपीए ने दवा कंपनियों के लिए जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए ) ने दवा और चिकित्सा उपकरण बनाने वाली कंपनियों को खास निर्देश दिए हैं। एनपीपीए ने कंपनियों से 22 सितंबर से नया जीएसटी लागू होने के साथ ही उपभोक्ताओं तक सभी लाभ पहुंचाने के लिए कहा है। प्राधिकरण ने एक आदेश में कहा, ''जीएसटी दरों में कटौती का लाभ 22 सितंबर, 2025 से उपभोक्ताओं और मरीजों को दिया जाएगा। दवाएं बेचने वाले सभी निर्माता और मार्केटिंग कंपनियां 22 सितंबर से दवाओं (चिकित्सा उपकरणों सहित) के कीमत में संशोधन करेंगी।''



**कंपनियों को जारी करनी होगी नई मूल्य सूची**

एनपीपीए ने कहा कि निर्माता और मार्केटिंग कंपनियां डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को नई जीएसटी दरों और नई कीमतों को दर्शाते हुए एक नई मूल्य सूची या पूरक मूल्य सूची जारी करेंगी। इसमें कहा गया है कि निर्माता और मार्केटिंग कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित विभिन्न संचार माध्यमों से जीएसटी दरों में कमी के बारे में जागरूक करने के लिए तत्काल उपाय करेंगी।

**अखबारों में भी जारी कर सकते हैं विज्ञापन**

एनपीपीए ने आगे कहा, उद्योग संघ 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी संशोधित जीएसटी दरों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए डीलरों/खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचने के लिए स्थानीय भाषा के समाचार पत्रों सहित प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन भी जारी कर सकते हैं।

ये स्पष्ट किया जाता है कि अगर निर्माता/मार्केटिंग कंपनियां इन उपायों के माध्यम से खुदरा विक्रेता स्तर पर मूल्य अनुपालन सुनिश्चित कर सकती हैं, तो 22 सितंबर, 2025 से पहले बाजार में जारी किए गए स्टॉक के कंटेनरों या पैक के लेबल पर वापस मंगाना, पुनः लेबल लगाना या पुनः स्टिकर लगाना अनिवार्य नहीं है। बताते चलें कि 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में प्रमुख दवाओं पर जीएसटी दरों को 5 प्रतिशत से घटाकर 0 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। जिन दवाओं पर पहले 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, उन्हें 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी में नहीं बदला गया है।

# संसद के शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक

### इंश्योरेंस में 100 फीसदी एफडीआई को मिलेगी अनुमति

**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के आखिर में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीमा क्षेत्र में एफडीआई को और उदार बनाने वाला विधेयक आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जा सकता है, तो उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है।''

वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, ''ये बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो



अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा।'' अब तक, बीमा क्षेत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये आकर्षित किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

एक व्यापक विधायी प्रक्रिया के तहत, जीवन बीमा निगम अधिनियम-1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम-1999 में बीमा अधिनियम-1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा। एलआईसी अधिनियम में संशोधनों का प्रस्ताव है कि इसके बोर्ड को शाखा विस्तार और भर्ती जैसे परिचालन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार दिया जाए। प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, उनकी वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और बीमा बाजार में अधिक कंपनियों के प्रवेश को सुगम बनाने पर केंद्रित हैं, जिससे आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में, भारत में 25 जीवन बीमा कंपनियां और 34 गैर-जीवन या साधारण बीमा कंपनियां हैं, जिनमें एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफइंडिया लिमिटेड और ईसीजीसी लिमिटेड जैसी विशिष्ट साधारण बीमा कंपनियां शामिल हैं।

## बिहार में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी पावर

**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** अडाणी पावर बिहार में 3 अरब डॉलर (करीब 26,482 करोड़ रुपये) के निवेश से 2,400 मेगावाट का अत्याधुनिक पावर प्लांट स्थापित करेगी। अडाणी ग्रुप की कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड के साथ 25 साल के विद्युत आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत राज्य के भागलपुर जिले के पीरपैंती में स्थापित होने वाली परियोजना से बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

ये पीपीए, अगस्त में उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से BSPGCL द्वारा अडाणी पावर को जारी किए गए स्वीकृति पत्र से अलग है। अडाणी पावर ने 6.075 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की न्यूनतम आपूर्ति दर की पेशकश करके ये परियोजना हासिल की। कंपनी ने कहा कि वे नए प्लांट और उससे संबंधित अवसंरचना के निर्माण के लिए लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। ये परियोजना डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, स्वामित्व और संचालन मॉडल के तहत विकसित की जाएगी। कंपनी का लक्ष्य है कि प्लांट को 60 महीनों (5 साल) के भीतर चालू कर दिया जाए। विद्युत संयंत्र के लिए कोयला लिंकेज भारत सरकार की शक्ति नीति के अंतर्गत आवंटित किया गया है। इस परियोजना से निर्माण चरण के दौरान 10,000-12,000 लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

# फ्लिपकार्ट को वित्त वर्ष 2024-25 में 5189 करोड़ रुपये का नुकसान, मिंत्रा का मुनाफा कई गुना बढ़ा

**नई दिल्ली, 14 सितंबर।** अमेरिका की दिग्गज रिटेल कॉर्पोरेशन वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का एकीकृत घाटा वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में बढ़कर 5189 करोड़ रुपये हो गया। कारोबार खूफिया मंच टॉफ्लर द्वारा प्राप्त आंकड़ों से ये जानकारी मिली है। वित्तीय स्थिति पर टिप्पणी के लिए फ्लिपकार्ट को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। इससे पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में फ्लिपकार्ट इंडिया का घाटा 4248.3 करोड़ रुपये था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन से एकीकृत आय में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी




दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 70,541.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 82,787.3 करोड़ रुपये हो गई।

**फ्लिपकार्ट की वित्तीय लागत में भी जबरदस्त बढ़ोतरी**

टॉफ्लर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी का कुल व्यय 17.4 प्रतिशत बढ़कर 88,121.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की वित्तीय लागत में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 57 प्रतिशत बढ़कर लगभग 454 करोड़ रुपये हो गई। बताते चलें कि फ्लिपकार्ट ने इस साल की बिग बिलियन डे सेल की घोषणा कर दी है। दीपावली की खरीदारी के लिए फ्लिपकार्ट की Big Billion Days सेल 23 सितंबर, 2025 को शुरू हो रही है। जबकि, प्लस और ब्लैक मेंबर्स के लिए ये सेल 22 सितंबर से ही शुरू हो जाएगी।

वहीं दूसरी ओर, फैशन और लाइफस्टाइल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड का एकीकृत मुनाफा मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कई गुना बढ़कर 548.3 करोड़ रुपये हो गया। टॉफ्लर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बेंगलुरु स्थित इस कंपनी को इससे पिछले वित्त वर्ष में 30.9 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

कंपनी का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 के 5121.8 करोड़ रुपये से 18 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 6042.7 करोड़ रुपये हो गया। बताते चलें कि फ्लिपकार्ट ने साल 2014 में 300 मिलियन डॉलर में मिंत्रा का अधिग्रहण कर लिया था।

## अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित उद्योगों को विशेष पैकेज देगी यूपी सरकार

**लखनऊ, 14 सितंबर।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग और वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव से निपटने के लिए एक राहत पैकेज तैयार कर रही है। राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अमेरिकी टैरिफ की वजह से राज्य के किसी भी उद्योग को बंद होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी उद्योगों के सुझाव को मिलाकर एक विशेष पैकेज दिया जाएगा। भदोही के कार्पेट एक्सपो मार्ट में राकेश सचान ने प्रदेश सरकार के उद्योग विभाग से जुड़े अधिकारियों और कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् तथा जनप्रतिनिधि के साथ एक बैठक की और उनके सुझाव लिए।

इसके बाद मंत्री राकेश सचान ने मीडिया के साथ बातचीत करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार दोनों अपनी तरफ से विशेष पैकेज पर विचार कर रही हैं। सचान ने कहा कि कानपुर, मुरादाबाद, भदोही के बाद अब नोएडा में मीटिंग कर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ की वजह से पैदा हुए संकट से निपटने के लिए प्रदेश सरकार बहुत जल्द केंद्र की मदद से अलग एक अतिरिक्त पैकेज की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चिंतित है और जो 10 प्रतिशत विशेष पैकेज की मांग कालीन उद्योग ने की है और आज जो सुझाव मिले हैं, इसके साथ प्रदेश के अन्य प्रभावित उद्योगों के सुझाव को मिलाकर एक निश्चित प्रतिशत का पैकेज तैयार किया जाएगा।

# तैयारी शुरू: बिहार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी होगा एसआईआर, भर्ती जल्दी

**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में भी बिहार की तर्ज पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। शुक्रवार को इस संबंध में ऑनलाइन मीटिंग की गई। इसमें मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण, 2003 से 2025 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का मिलान, विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के लिए पूर्व तैयारियां, रिक्त पदों को भरने और एसआईआर के लिए आवश्यक स्टॉफकी उपलब्धता पर चर्चा की गई।

हालांकि, प्रदेश में 2004 में एसआईआर हो चुका है, तब प्रदेश में विधानसभा सीटों का परिसीमन प्रारंभ हुआ था, जो 2008 तक चला था। छत्तीसगढ़ में 21 साल पहले हुए एसआईआर में भी बड़ी संख्या में नाम काटे गए थे। इनमें ऐसे लोग थे जो वोटर नहीं थे, जबकि सैकड़ों वोटर मृत हो चुके थे।

जानकारों के अनुसार तब भी बड़ी संख्या में दावे-आपत्तियां लगी थीं, जिनका निराकरण कर दिया गया था। अब 2011 व 2026 की जनगणना के बाद लगभग 25 साल बाद होने वाले पुनरीक्षण में लाखों लोगों के नाम कटने की आशंका है।



**वोटर पर्ची बांटने के दौरान ही पकड़ सकते हैं गड़बड़ी:** जानकारों का कहना है कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों की वजह के लिए राजनीतिक दल भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। जब उन्हें वोटरलिस्ट की प्रति देने बुलाया जाता है तो वे नहीं आते। जबरिया उनको प्रति भेजकर प्राप्ति लेनी पड़ती है। वे सॉफ्ट कॉपी मांगते हैं। हम उन्हें सॉफ्ट कॉपी तो देते हैं, लेकिन पीडीएफ फार्म में ताकि कोई भी मतदाताओं के नाम-पतों को एडिट न कर सकें।

बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के दौरान वे चाहें तो अपने अभिकर्ता को भी भेज सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं किया जाता। राजनीतिक दल सहयोग करें तो वोटरलिस्ट पारदर्शिता व बिना विवाद के बन सकती है। वोटर पर्ची बांटने के दौरान भी अगर कुछ गलत है तो पकड़ा जा सकता है। नियम व सजा भी जानें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अनुसार मतदाता सूची का एसआईआर, समरी व इंसेंटिव पुनरीक्षण करना जरूरी है। एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में किसी मतदाता का नाम न हो। कोई भी एक से अधिक बार मतदाता सूची में रजिस्ट्रीकृत न हो। 18 वर्ष से कम आयु का न हो। यदि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए गलत दस्तावेज पेश करता है तो उसे एक साल की सजा या जुर्माना अथवा दोनों दंड दिया जा सकता है। यदि कोई अधिकारी गलत तरीके से नाम जोड़ता है तो दोषी को तीन माह से दो साल तक की सजा मिल सकती है।

## एक नजर

### जय स्तंभ चौक में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, हालत नाजुक




**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बीचों-बीच स्थित जय स्तंभ चौक में एक दर्दनाक हिट एंड रन की घटना सामने आई है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार उसकी चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद घायल युवक को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही गोलबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से कार को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस चालक की पहचान करने में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है। यह हादसा शहर में बढ़ते रोड सेफ्टी के प्रति लापरवाह रवैये और तेज रफ्तार ड्राइविंग पर सवाल खड़े कर रहा है।

### करंट से 2 मासूमों की मौत पर हाई कोर्ट सख्त, छुट्टी के दिन सुनवाई कर कहा-ऐसी घटनाएं रोकने रोडमैप बनाएं

**रायपुर, 14 सितम्बर।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के करगीकला गांव में 6 साल के बच्चे की खेत के पास खेलते हुए करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वहीं,



कोंडागांव जिले में ढाई साल की बच्ची महेश्वरी यादव खुले बिजली के तार की चपेट में आने जान चली गई। इन दो दर्दनाक घटनाओं को हाई कोर्ट ने बेहद गंभीर मानते हुए शनिवार को छुट्टी के दिन सुनवाई की। नेशनल लोक अदालत की व्यवस्तता के बावजूद चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने दोनों घटनाओं को गंभीर लापरवाही मानते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाई कोर्ट के संज्ञान लेकर सुनवाई करने के बाद महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी। इसके कुछ घंटों के बाद ही महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने सभी जिलों के कलेक्टर और महिला बाल विकास अधिकारियों को चिट्ठी लिखी। संचालक ने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र देने के आदेश दिए। कहा कि केवल कर्मचारियों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। साथ ही यह भी बताने को कहा कि मृत बच्चों के परिजनों को अब तक क्या मुआवजा दिया गया है। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। सीजे सिन्हा की बेंच ने शनिवार को सुनवाई के दौरान कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की सुरक्षा और पोषण के लिए बनाए जाते हैं। लेकिन वहां ही बच्चों की जान जाना बेहद शर्मनाक है। कोर्ट ने कहा कि राज्य में खेतों में बाड़ पर बिजली का करंट छोड़ने की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं, जिससे न केवल इंसानों बल्कि पशु और वन्यजीवों की भी मौतें हो रही हैं। बरसात के मौसम में यह और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि पानी भरने से पूरा इलाका करंट की चपेट में आ सकता है।

### निधन

#### कैलाश शर्मा

**तिल्दा नेवरा, 14 सितम्बर।** नगर ओर क्षेत्र के वरिष्ठ कवि ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित कवि



कैलाश शर्मा का आज निधन हो गया। आज हिंदी दिवस के दिन हिंदी के बहुत अच्छे कवि साहित्यकार को साहित्य जगत और तिल्दा नेवरा ने खो दिया है। वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा ने शोक व्यक्त कर उनको शत-शत नमन और श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व शर्मा तिल्दा नेवरा ब्राह्मण समाज के बहुत अच्छे कार्यकर्ता थे समाज को एकत्रित करने वाले सक्रिय समाज सेवक थे।

## रायपुर में 24 घंटे में 3 गुमशुदा बच्चे पुलिस ने ढूंढ निकाले

# सात साल की बच्ची खाना खाकर पंडाल में सो गई, 11 साल के बच्चे जगन्नाथपुरी निकल गए

**रायपुर, 14 सितम्बर।** रायपुर में बीते 24 घंटे में तीन गुमशुदा बच्चे बरामद हुए हैं। यह बच्चे रायपुर के अलग-अलग इलाकों से गुमशुदा हुए थे। इसमें एक 7 साल की बच्ची है, वहीं 11 साल के 2 लड़के है। घर वाले बच्चों को वापस पाकर बेहद खुश है। यह उरला और तेलीबांधा थाना क्षेत्र का मामला है।

उरला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उनके 7 साल की बेटी उरला में घर के पास आस पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रही थी। बच्ची को अंतिम बार यही देखा गया था। देर रात तक वह घर वापस नहीं आई। सूचना मिलते ही 112 की टीम और उरला पुलिस की टीम आसपास बच्ची की तलाश में जुट गई। घर के आसपास दो बड़े तालाब थे लोगों में डर था कि बच्ची किसी दुर्घटना का शिकार न हुई हो।





**पंडाल में खाना खाकर सो गई थी बच्ची**

तभी आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बच्ची के घर के पास दुर्गा पंडाल बन रहा है। पंडाल के कारीगर काम करने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक बच्ची सोई हुई है। उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी। ये वही गुमशुदा वाली बच्ची निकली। पिता ने अपनी बेटी को पहचान लिया। पता चला की बच्ची भंडारे में खाना खाकर पंडाल में सो गई थी। उरला थानेदार रोहित मानेकर ने बताया कि पुलिस ने बच्ची को सही सलामत बरामद कर पिता को सौंप दिया है।

**सड्डू एरिया के दो बच्चे हो गए थे गायब, पुरी में मिले**

इसी तरह तेलीबांधा के सड्डू एरिया में रहने वाले 2 बच्चे शनिवार दोपहर अचानक गायब हो गए। दोनों की उम्र करीब 11 साल थी। परिजनों ने उनकी आसपास तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिले। जिसके बाद तेलीबांधा पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच रविवार को बच्चों ने परिजनों को फोन पर सूचना दी की वह जगन्नाथ पुरी में है। परिजन बच्चों को वापस लाने के लिए पुरी रवाना हुए है।

### छठ महापर्व का होगा भव्य आयोजन, बिहार के उपमुख्यमंत्री को निमंत्रण

**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के महादेव घाट पर इस बार भी परंपरागत रूप से छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र भेंट कर छठ पूजा समारोह में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया।

राजेश सिंह वर्तमान में अपने पैतृक निवास बिहार में हैं और बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एक विशेष मतदान जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। वे बिहार के कई जिलों में जाकर खासतौर पर छत्तीसगढ़ में रहने वाले बिहार मूल के लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जाकर वोट जरूर करें और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में योगदान दें। राजेश सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लाखों बिहार निवासी विभिन्न उद्योगों, व्यवसायों और नौकरियों से जुड़े हैं, जिनका मतदान बिहार की राजनीति को महत्वपूर्ण दिशा दे सकता है। पिछले तीन महीनों से वे इस अभियान में सक्रिय हैं और बिहार के कई मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों को इसके बारे में अवगत करा रहे हैं।

# रायपुर के सीनियर रेलवे अधिकारी पर एफआईआर

### 13 साल पुराने केस की जांच करेगी सीबीआई

■ गलत जानकारी देने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**रायपुर, 14 सितम्बर।** रायपुर रेल मंडल के सीनियर अधिकारी के खिलाफ सीआईडी में एफआईआर दर्ज हुई है। यह एफआईआर एडवोकेट आनंद कुमार शर्मा ने दर्ज कराई है।



जानकारी के मुताबिक मामला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी और अन्य से जुड़ा है। शिकायतकर्ता कल्पना स्वामी ने अपनी एफआईआर में आरोप लगाया है कि उन्होंने रायपुर आरक्षण केंद्र में पदस्थ कॉमर्शियल स्टाफ कल्पना स्वामी से संबंधित जानकारी आरटीआई के जरिए मांगी थी। लेकिन उन्हें जो जानकारी उपलब्ध कराई गई, वह कथित रूप से गलत थी। इसी को आधार बनाकर उन्होंने सीआईडी में शिकायत दर्ज कराई। यह एफआईआर ओडिशा के कटक में धारा 173(1) बीएनएसएस-2023 के तहत दर्ज की गई है। अब मामले की जांच सीआईडी कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम पर सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें भी इस एफआईआर की जानकारी मिली है। फिलहाल उन्होंने कोई आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार किया और कहा कि वे लीगल एक्सपर्ट से राय लेने के बाद ही आगे का कदम तय करेंगे।

**अफसरों की भूमिका पर सवाल**

मामला सामने आने के बाद रेलवे मंडल में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है आरटीआई से जुड़ा यह विवाद आगे गंभीर रूप ले सकता है। वहीं, शिकायतकर्ता एडवोकेट आनंद शर्मा का कहना है कि उन्होंने सूचना का अधिकार कानून के तहत जानकारी मांगी थी, लेकिन गलत सूचना दिए जाने पर उन्हें कानूनी कदम उठाना पड़ा। सीआईडी अब इस पूरे मामले की जांच करेगी कि सूचना गलत तरीके से क्यों दी गई और इसमें किन अधिकारियों की भूमिका रही।

# डायल-112 के पुलिसकर्मी से मारपीट, 4 अरेस्ट

■ सार्वजनिक जगह पर शराब पीने से किया था मना, वर्दी फाड़कर गाड़ी जला देने की दी थी धमकी

**रायपुर, 14 सितम्बर।** रायपुर में 112 के पुलिसकर्मी से मारपीट हुई है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को 112 की गाड़ी जला देंगे कहते हुए धमकी भी दी है। पुलिसकर्मी सार्वजनिक जगह पर शराब पीने की सूचना पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पहुंचे थे। इसके बाद पूरा विवाद हुआ है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। घटना अमलीडीह के जोसेफ कॉलोनी रोड पर हुई। आरोपियों ने वर्दी फाड़कर डायल 112 की गाड़ी जला देने की धमकी भी दी। थाने में शिकायत के बाद चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



**इनपुट मिलने के बाद पहुंची थी पुलिसः** शिकायतकर्ता तुलेश मनहरे ने बताया कि बट डायल 112 में जुलाई 2023 से कार्यरत है। 11 सितंबर को 112 को इनपुट मिला कि कुछ लोग शराब भट्टी के पास सार्वजनिक जगह पर शराब पी रहे हैं। मौके पर डायल 112 के पुलिसकर्मी पहुंचे तो वहां पर मौजूद 4 लड़के शराब के नशे में विवाद करने लगे। उन्होंने गाली गलौज करते हुए पुलिस कर्मी के साथ धक्का मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने अपना नाम अरुण चौहान राजेश यादव राहुल दीवान रविंद्र भगत बताया। आरोपियों ने इस दौरान पुलिस जीप को जला देने की भी बात कही। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मियों ने आरोपियों को थाने लाया। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में अरूण कुमार चौहान (28) महासमुंद, राजेश यादव उर्फ छोटू (24) महासमुंद, राहुल दीवान उर्फ रामू (20) महासमुंद, विन्द्र कुमार भगत (40) जशपुर हृ सभी आरोपी हाल ही में रायपुर के राजेंद्र नगर में रह रहे थे।

### प्रदेश में अधिकतर जिलों में बारिश की संभावना

**रायपुर, 14 सितंबर।** छग के मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में अनेक स्थानों पर मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम क्षेत्र में हुई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान प्रदेश में रायपुर में 35 डिसी रायपुर में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार आज अनेक जिलों में मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। अभी चक्रीय चक्रवात नहीं होने के कारण सरगुजा एवं बस्तर सहित अनेक जिलों में अगले 24 घंटों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज होने की संभावना है।

# रवांडा से आई 20 साल की युवती के ब्रेस्ट ट्यूमर का अंबेडकर अस्पताल में सफल ऑपरेशन




**रायपुर, 14 सितम्बर।** राजधानी में रहने वाली अफ्रीका की 20 साल की युवती का अंबेडकर अस्पताल में सफल इलाज हुआ है। युवती के ब्रेस्ट में बेनाइल फाइब्रोएपिथेलियल ट्यूमर था। डॉक्टरों ने बताया कि इस सर्जरी के तहत ब्रेस्ट के ट्यूमर को निकालने के बाद मरीज के भावी जीवन, विशेषकर मातृत्व अवस्था पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। युवती पूरी तरह ठीक है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। जानिए, युवती की सर्जरी करने वाली डॉ मंजू सिंह से, उन्होंने कैसे युवती की सर्जरी की...

रवांडा (पूर्वी मध्य अफ्रीका) में रहने वाली 20 साल की युवती लेफ्ट ब्रेस्ट में दर्द की परेशानी लेकर अस्पताल पहुंची थी। हमारी टीम ने युवती की जांच की। पता चला कि उसके ब्रेस्ट में बेनाइल फाइब्रोएपिथेलियल ट्यूमर है। इसके बाद हमने उसकी बायोप्सी की और सर्जरी प्लान किया। यह काफी चुनौतीपूर्ण था। क्योंकि, युवती की उम्र काफी कम थी, इसलिए हमने उसके ब्रेस्ट की कॉस्मेसिस को मेंटेन करते हुए ऑपरेशन किया। सर्जरी की प्रक्रिया में ब्रेस्ट के ट्यूमर और उसके आसपास के टिश्यू को हटाते हुए उसके ब्रेस्ट के ट्यूमर को सावधानी पूर्वक बाहर निकाला।

इस दौरान ध्यान रखा गया कि सर्जरी के बाद निशान भी ना हो। ऑपरेशन टीम में मेरे साथ डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. मनीष साहू, डॉ. कृतिका एवं डॉ. तपिश, एनेस्थीसिया से डॉ. प्रतिभा शाह एवं डॉ. मंजुलता टंडन व अन्य शामिल रहे।

**प्रतिमाह 300-400 केस आते हैं:** मेकाहारा के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि अस्पताल में न केवल छत्तीसगढ़ सहित देशभर और विदेश से भी मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ संतोष सोनकर ने कहा कि अस्पताल में प्रतिमाह 300 से 400 ब्रेस्ट से संबंधित समस्याओं के केस महिला डॉक्टर देखते हैं।

# शिक्षा मंत्री बोले: शराब पीकर स्कूल आने वाले शिक्षकों पर होगी एफआईआर, बर्खास्तगी भी

**रायपुर, 14 सितम्बर।** सरकारी स्कूल में शराब पीकर आने वाले



शिक्षकों पर अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे शिक्षकों को न सिर्फ बर्खास्त किया जाएगा बल्कि जांच में दोषी पाए जाने पर उन पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शनिवार को मीडिया से यह बातें कहीं। दरअसल, पिछले कुछ सालों से शराब पीकर स्कूल आने वाले शिक्षकों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।

कई शिक्षकों की ऐसी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो चुके हैं। इसलिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने साफ कहा है कि अब ऐसे मामलों में ढिलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ स्थानों पर ऐसे शिक्षकों द्वारा नशे में असामाजिक कृत्य किए जाने पर ही कार्रवाई की गई है, लेकिन मंत्री के निर्देश के बाद अब शराब पीकर स्कूल आने पर ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के मुताबिक, जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**गाली-गलौज और यौन उत्पीड़न जैसे कृत्य भी कर चुके हैं शिक्षकः** नशे में स्कूल आने वाले शिक्षकों द्वारा गाली-गलौज करने के साथ ही बच्चों का यौन उत्पीड़न करने जैसे कई मामले सामने आ चुके हैं। इसी तरह कहीं बच्चों से काम करवाने तथा बच्चियों से छेड़खानी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस मामले में कुछ शिक्षकों को जेल भेजा जा चुका है तो कुछ पर निलंबन की कार्रवाई भी हो चुकी है। लेकिन मंत्री के निर्देश के बाद अब ऐसे किसी भी मामले में ढील नहीं बरती जाएगी और शराब पीकर आने के मामले में ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि बिलासपुर जिले के मस्तुरी के मचहा प्राथमिक स्कूल के सहायक शिक्षक एलबी संतोष कुमार केंवट को बच्चों के सामने क्लास रूम में बैठकर शराब पीने और हुड़दंग मचाने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। इसी तरह सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बरतीपारा का शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा था। ग्रामीणों की सूचना पर संकुल समन्वयक मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान शिक्षक शैलेंद्र सिंह पोर्ते शराब के नशे में धुत मिला।

**कोल्ड ड्रिंक की बोतल में लाता था शराब**

राजनांदगांव जिले के ही प्राथमिक शाला चिपरा के एचएम सरजूराम ठाकुर कोल्डड्रिंक की बोतल में शराब लेकर आता था। स्कूल में बैठकर शराब पीता था। शिकायत करने पर ठाकुर को दूसरी बार निलंबित किया गया है।

**नशे में स्कूल पहुंचकर सोता था**

करतला ब्लॉक के परसाभांठा सरकारी स्कूल में पदस्थ हेडमास्टर चंद्रपाल पैकरा नशे में स्कूल आते हैं और दिनभर सोते रहते हैं। शिकायत पर कार्रवाई की गई।

**यौन उत्पीड़न के मामले में हुए गिरफ्तार**

जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुमार बरला को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**छात्राओं से छेड़छाड़ की**

राजनांदगांव के मोहबा प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक नेतराम वर्मा को छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में शिकायत के बाद सस्पेंड कर दिया गया। बाद में जेल भी भेजा गया।

## बढ़ेगी सुविधा | रायपुर से राजिम तक मेमू ट्रेन सेवा 18 सितंबर से शुरू होगी

# मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन, आम जनता को मिलेगी राहत

**रायपुर, 14 सितम्बर।** रायपुर से राजिम के बीच नई ब्रॉडगेज रेल लाइन पर मेमू ट्रेन सेवा 18 सितंबर से शुरू की जा रही है। इस ट्रेन का संचालन नवा रायपुर (अटल नगर), अभनपुर होते हुए किया जाएगा। रेलवे ने इस सेवा को मंजूरी देते हुए इसकी आधिकारिक समय-सारिणी भी जारी कर दी है।

इस मेमू ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव मंदिरहसौद, सीबीडी, केंद्री, अभनपुर, मानिकचौरी और अंतिम स्टेशन राजिम में होगा। ट्रेन सेवा के शुभारंभ को लेकर रेलवे अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। रायपुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने राजिम स्टेशन पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। 18 सितंबर को सुबह 11 बजे इस ट्रेन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर राजिम से रवाना करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग शामिल होंगे। राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से एक प्रमुख स्थल है। इसे ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़े जाने से इस क्षेत्र की सीधी रेल कनेक्टिविटी रायपुर और अन्य बड़े शहरों से स्थापित हो जाएगी। इससे यात्रा के नए विकल्पों के साथ-साथ स्थानीय व्यापार, कृषि, तीर्थ और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

यह सेवा यात्रियों के लिए सुविधाजनक, सुलभ और किफायती यात्रा का विकल्प साबित होगी, खासकर उन लोगों के लिए जो रोजाना रायपुर और राजिम के बीच आवा-जाही करते हैं।



**मेमू ट्रेन की समय-सारिणी**

रायपुर से राजिम (प्रति दिन):
रायपुर से प्रस्थान: सुबह 4:45 बजे
मंदिर हसौद: 5:03- 5:05 बजे
सीबीडीपीएच: 5:15- 5:16 बजे
केंद्री: 5:30- 5:32 बजे
अभनपुर: 5:43 - 5:45 बजे
मानिकचौरी: 5:56 - 5:57 बजे
राजिम आगमन: 6:20 बजे

**राजिम से रायपुर (प्रति दिन)**

राजिम से प्रस्थान: सुबह 6:45 बजे
मानिकचौरी: 6:59 - 7:00 बजे
अभनपुर: 7:13 - 7:15 बजे
केंद्री: 7:26 - 7:28 बजे
सीबीडी: 7:41 - 7:42 बजे
मंदिर हसौद: 7:53 - 7:55 बजे
रायपुर आगमन: 8:20 बजे

## बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर नेता प्रतिपक्ष महंत ने सरकार पर साधा निशाना

# बिजली बिल हाफ योजना बंद और प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि से हर वर्ग परेशान

**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में बिजली बिल में हुई बढ़ोतरी को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सरकार पर निशाना साधा है. डॉ. महंत ने कहा कि साय सरकार के कार्यकाल को 2 साल के करीब ही हुआ है और तीसरी बार बिजली बिल के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिली है. प्रति यूनिट 20 पैसे की हर वर्ग को परेशान कर दिया है. साथ ही उन्होंने सरकार को इस फैसले को वापस लेने की मांग की है.



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारी सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया। साथ ही प्रति यनिट 20 पैसे की बढ़ोतरी से जनता पर आर्थिक बोझ की दोहरी मार पड़ी है. हर उपभोक्ता को अपने बिजली बिल में लगभग 1000 रुपए की वृद्धि देखने को मिल रही है. डॉ. महंत ने कहा कि सरकार क्या करना चाहती है, बिजली की दर में इतनी उछाल क्यों है जबकि छत्तीसगढ़ कोयला और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है. हम अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के साथ दूसरे राज्यों को भी बिजली बेचते हैं. बिजली दरों में बढ़ोतरी से किसान, व्यापारी सभी वर्ग में आक्रोश देखने को मिल रहा है. उन्होंने सरकार से इस निर्णय को वापस लेकर लोगों को राहत देने की मांग की है.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26